तापमान
अधिकतम 26 डिग्री
न्यूनतम 12 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार, 12 दिसंबर 2024

10 केन्द्रों में बीस लाख क्विं. धान जाम डीओ एक फीसदी भी नहीं कटा



11 सोनकर समाज की पहचान पूर्वजों ने बनाई वर्तमान पीढ़ी आगे बढ़ा रही: पूर्व सीएम भूपेश





# पांच साल में दुर्ग विधानसभा में बढ़े 11 हजार व कुम्हारी में 2 हजार मतदाता

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिला निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी दिनों होने वाले नगरीय निकाय चुनाव का अंतिम प्रकाशन 11 दिसंबर को कर दिया गया हैं। अंतिम प्रकाशन के बाद सामने आए आंकडों की माने तो दुर्ग के साठ वार्ड में पिछले पांच साल में 11258 मतदाताओं की संख्या बढ गई हैं। इसके आलावा अहिवारा पालिका परिषद व सभी नगर पंचायत में आंकडे बढ गए हैं।

जानकारी अनुसार आगामी दिनों दुर्ग नगरपालिका, अहिवारा व अमलेश्वर, कुम्हारी नगरपालिका परिषद और धमधा, पाटन, उतई नगर पंचायत में चुनाव होना हैं। वही भिलाई, चरौदा और रिसाली के चार वार्डो में उप चुनाव होने हैं। जिसके तहत जिला निर्वाचन आयोग द्वारा ग्यारह दिसंबर को अंतिम प्रकाशन कर दिया गया हैं। अंतिम प्रकाशन के बाद निर्वाचन संबंधी प्रशासनिक कार्य में तेजी आ गई हैं। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अब आरक्षण की प्रक्रिया को लेकर कसरत शुरू कर दी गई हैं। माना जा रहा है कि, गामी दिनों जल्द अगली कडी में आरक्षण की जाएगी। बहरहाल राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रशिक्षण शुरू कर दिया गया हैं, वही वीसी के जरिए अफसरों को लगातार निर्देश भी दिए जा रहे हैं।

## दस नगरपालिका, परिषद और नगर पंचायत के 166 वार्ड में होंगे चुनाव

**खास बातें**
- निकायों की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन जारी
- कल होगी त्रिस्तरीय चुनाव के अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन
- निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज

### तीन लाख 32 हजार वोटर करेगें मतदान

जानकारी अनुसार दुर्ग विधानसभा के तहत सभी साठ वार्ड की बात करे तो वर्ष 2019 में टोटल 222038 मतदाता थे, जो 11 दिसंबर के अंतिम प्रकाशन के बाद बढकर 233296 हो गए हैं। वहीं अहिवारा परिषद के 15 वार्ड में संख्या 14875 से बढकर इस बार 16127 हो गया हैं। कुम्हारी के 24 वार्ड में 24365 से बढकर 30362 हो गया हैं। अमलेश्वर के 18 वार्ड में अभी 12219 मतदाता हैं। इसी तरह पाटन नगर पंचायत के 15 वार्ड में वर्ष 2019 में 7477 थे, जो अभी 8511 हो गया हैं। उतई के 15 वार्ड में 6937 से बढकर 8057 हैं। धमधा के 15 वार्ड में 7090 से 7980 हो गया हैं। इस तरह तीन लाख 32257 मतदाता निकाय के चुनाव में वोट करेगें।




### अमलेश्वर परिषद में जुड़ेगे 71 नया वार्ड

जानकारी अनुसार अमलेश्वर नगरपालिका परिषद के अस्तित्व में आने के बाद यहां पहली बार निकाय चुनाव हो रहा हैं। स्थानीय निर्वाचन के अनुसार पाटन जनपद पंचायत से टूटकर अमलेश्वर, भोथली, मगरघट्टा व खुडमुडा ग्राम पंचायत के करीब 71 वार्ड यहां जुड गए हैं। जानकारी अनुसार पाटन जनपद के ये चारों ग्राम पंचायत नगरपालिका परिषद अमलेश्वर में शामिल होगें। यहां पहली बार होने वाले परिषद चुनाव को लेकर नेताओं में उत्साह का माहौल बना हुआ हैं।

### भिलाई, रिसाली और चरोदा के चार वार्ड में उपचुनाव

जानकारी अनुसार नगरपालिका निगम भिलाई के वार्ड दो, नगरपालिका निगम रिसाली के वार्ड एक और नगरपालिका परिषद भिलाई चरौदा के वार्ड एक में चुनाव होगें। इस तरह तीनों नगरपालिका के चार वार्ड में उपचुनाव कराए जाएंगे। यहां भी नेताओं को आरक्षण का इंतजार है। बहरहाल अंतिम प्रकाशन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी हैं। आगामी दिनों आरक्षण होगी, जिसके बाद आचार संहिता के लगने के आसार बनेगें।

### महिलाओं की भागीदारी रहेगी आगे

नगरीय निकाय चुनाव में एक लाख 62642 पुरूष मतदाता वोटिंग करेगें। जबकि इससे ज्यादा एक लाख 69587 महिला मतदाताओं की भागीदारी रहेगी। इस तरह 6945 महिला मतदाता पुरूष के मुकाबले अधिक होगें। वही 28 तृतीय लिंग के मतदाता होगें, जिसमें दुर्ग से 25 और नगर पंचायत धमधा से हैं। जानकारी अनुसार सभी दस नगरपालिका, परिषद और नगर पंचायत में प्रारंभिक प्रकाशन के दौरान संख्या 327652 थी, जो बढकर 332257 हो गई, यानि 4605 नए मतदाता जुडे हैं।

## खबर संक्षेप

### शादी का झांसा देकर किया अनाचार, युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** शादी का झांसा देकर युवती से अनाचार करने के मामले में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 64 (1), 69 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि आरोपी सेक्टर 6 निवासी सुनील ठाकुर ने युवती को शादी का झांसा देकर 2020 से जुलाई 2024 तक अपने घर में रखकर लगातार शारीरिक संबंध बनाता रहा। आरोपी ने पीड़िता के पिता के साथ मारपीट करने पर उसने शादी करने से इंकार कर दिया था। उसके बाद से आरोपी युवक फरार था। शिकायत के बाद पुलिस ने सुनील ठाकुर को गिरफ्तार किया है।

### उद्यान अधिकारी से मारपीट, सफाई कर्मी निलंबित

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई के सफाई कर्मचारी संतोष कुमार को उद्यान अधिकारी तुलेश्वर साहू के साथ गाली गलौज मारपीट करने के कारण निलंबित कर दिया गया है । सफाई कर्मी शराब पीकर ड्यूटी पर आकर काम नहीं करता था, उसके खिलाफ उद्यान अधिकारी द्वारा बार-बार चेतावनी देने के बाद भी नहीं मानता था। काम नहीं करने के कारण जब उसका वेतन काटा गया तो गाली गलौज झगड़ा मारपीट पर उतारू हो गया। इस बात की शिकायत आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। निलंबन के दौरान जोन क्रमांक 4 शिवाजी नगर में पदस्थ रहेगा। वहीं पर अपना हाजिरी लगाएगा।

### मोबाइल लूटकर फरार होने वाले गिरफ्त में

**भिलाई।** मोबाइल लूट कर फरार होने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि वृंदा नगर कैम्प 1 निवासी वासुदेव वर्मा ने सुबह अपने काम से निकला था। इस दौरान भिलाई नर्सिंग होम कांट्रेक्टर कालोनी के पास दो युवक बाइक से पहुंचे और मोबाईल झपटा मारकर लेकर फरार हो गए। संदेही घासीदास नगर जामुल निवासी हेमंत कुर्रे को घेराबंदी कर पकडा गया।

## रामनगर मुक्तिधाम का पीपीपी मॉडल तैयार, 10 करोड़ रुपए से बनेगा नया वेल डेवलप मुक्तिधाम

# प्रतिमा, उपवन, प्रार्थना कक्ष सहित विशेष आध्यात्मिक स्वरूप का होगा मुक्तिधाम

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

रामनगर मुक्तिधाम प्रतिमा, उपवन, प्रार्थना कक्ष सहित विशेष आध्यात्मिक स्वरूप और वातावरण से सुसज्जित होने जा रहा है। मुक्तिधाम पर्यावरण को ध्यान में रखकर प्रदूषण मुक्त वेल डेवलप्ड बनाया जाएगा। यहां गार्डन, वातानुकूलित बड़े हाल, पेड़ पौधे, भगवान की प्रतिमाएं, फव्वारा, प्रार्थना कक्ष, वातानुकूलित शोक सभा हाल, क्रियाकर्म पश्चात होने वाले आयोजन के लिए बडे. कक्ष, साउंड सिस्टम से लैस एलईडी स्क्रीन के साथ मुक्तिधाम को विशेष आध्यात्मिक स्वरूप में संजोया जाएगा। मुक्तिधाम को देवी-देवताओं व धार्मिक चिन्हों की कृतियां, इको फ्रेंडली और सुंदर उपवन के रूप में विकसित किया जाएगा, जो एक तरह से पर्यटन स्थल का भी स्वरूप होगा। मुक्तिधाम के शवदाह गृह को भी इको फ्रेंडली बनाया जाएगा। परिसर में खेल मैदान भी होगा, जहां आस-पास के बच्चे विभिन्न खेल का अभ्यास कर सकेंगे।




### छत्तीसगढ़ सहित देश में होगी विशेष पहचान


रामनगर मुक्तिधाम इस तरह बनाया जाएगा कि न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि देशभर में विशेष पहचान स्थापित करे। इसके लिए वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन ने योजना बनाई। योजना के मुताबिक पहले इस मुक्तिधाम के लिए 50 उद्योगपतियों को शामिल कर पीपी मॉडल से उसका पुनर्रूद्धार करना चाहते थे। इसके लिए उन्होने उद्योगपतियों को आमंत्रित किया लेकिन राशि का आबंटन इतना नहीं था कि इस सम्पूर्ण प्रोजेक्ट की पूर्ति नहीं हो पाती। हालात को देखते हुए विधायक सेन ने चौहान हाउसिंग सोसायटी एंड रीयल एस्टेट प्रोपराइटर अजय चौहान से चर्चा की और उन्होने इस प्रोजेक्ट को करने के लिए रजामंदी दे दी।

### मेयर इन कौसिंल व सामान्य सभा में आएगा प्रस्ताव

करीब 10 करोड़ रुपए का यह प्रोजेक्ट है। इस प्रोजेक्ट से निगम पर लकड़ी का अधिभार भी नहीं होगा। निगम गोबर उपलब्ध कराएगा ताकि मशीन लगा कर अंतिम संस्कार में लकड़ी की बजाय गोबर के उपलों की ढलाई कर गोबर स्टीक से अंतिम संस्कार किया जा सके। बिजली, पानी की आपूर्ति नगर निगम करेगी। इस तरह की टर्म और कंडीशंस के आधार पर अजय चौहान ने विधायक सेन और कलेक्टर को एक पत्र दिया। नगर निगम कमिश्नर से चर्चा के बाद कलेक्टर ने भी स्वीकृति दी। अब यह संक्षेपिका बन कर मेयर इन कौन्सिल और विशेष सामान्य सभा में आएगा। वहां से प्रस्ताव राज्य शासन को जाएगा और टर्म और कंडीशंस के आधार पर मुक्तिधाम का विकास कार्य चालू होगा।

### निगम के दो करोड़ रूपए बचेंगे

संस्कार के लिए आते हैं। यहां 101 रुपए में लकड़ी भी दी जाती है। इसके लिए निगम दो करोड़ रुपए खर्च करती है। अत्याधुनिक व वेल डेवलप मुक्तिधाम निर्माण से निगम की यह राशि भी बचेगी। प्रदूषण से भी निजात मिलेगा।



### 5 विधानसभा के लोग रामनगर मुक्तिधाम पर हैं आश्रित

भिलाई, वैशाली नगर, अहिवारा, दुर्ग ग्रामीण और दुर्ग शहर विधानसभा में कहीं आंशिक तो कहीं पूर्ण रूप से अंतिम संस्कार के लिए वैशाली नगर विधानसभा अंतर्गत राम नगर मुक्तिधाम पर ही लोगों को अंतिम संस्कार के लिए आश्रित रहना पड़ता है। राज्य और नगर निगम द्वारा समय समय पर मुक्तिधाम के लिए लाखों रूपये खर्च किए जाते रहे हैं लेकिन अब भी समुचित व्यवस्था और राशि के अभाव में रामनगर मुक्तिधाम वर्षों बाद भी वेल डेवलप्ड स्वरूप आज तक हासिल नहीं कर पाया है।





### निगम पर नहीं आएगा भार

रामनगर मुक्तिधाम का मैं पीपी मॉडल पुनर्रूद्धार करना चाहता था। मेरी सोच थी कि नगर निगम, विधायक, राज्य सरकार और उद्योगपतियों के सहयोग से पीपी मॉडल से इसे तैयार करूं। शहर के एक उद्योगपति अजय चौहान ने मुझसे कहा कि यह जवाबदारी आप मुझे दे दीजिए, यह सब मैं करना चाहता हूं। उन्होंने पाँच से दस करोड़ रुपए से इस प्रोजेक्ट को अकेले पूरा करने का बीड़ा उठाया है। निगम पर अधिभार नहीं आएगा।
**- रिकेश सेन,** विधायक वैशालीनगर



### समाजसेवा मकसद

इस काम के पीछे केवल यह सोच है कि मैं भिलाई में ही पला- बढ़ा और एक बड़े बिजनेसमैन बना। मेरा घर भी मुक्तिधाम के पास ही है। वो अपने माता-पिता की स्मृति में यह विकास कार्य करना चाहते हैं। मुक्तिधाम के समीप ही उन्होंने माता पिता की स्मृति में मंदिर भी बनवाया है। इस प्रोजेक्ट को मैं अपने माता पिता की स्मृति में पूरा करने को तैयार हूं, इसके पीछे कोई निज स्वार्थ नहीं है। समाजसेवा ही मेरा मूल मकसद रहा है। राज्य शासन और नगर निगम द्वारा निर्धारित नियम और शर्तों का पालन करते हुए ही मैंने इस प्रोजेक्ट के लिए अपना कदम बढ़ाया है।
**- अजय चौहान,** प्रोपराइटर चौहान हाउसिंग सोसायटी एंड रियल एस्टेट



# मृत व्यक्ति को जीवित बताकर नामांतरण कोर्ट के आदेश से 6 लोगों पर अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

मृत व्यक्ति को जिंदा बताकर उनकी कातुलबोड़ स्थित 0.0490 हेक्टेयर जमीन हथियाने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में विचारण के बाद कोर्ट ने मोहम्मद तस्कीम, परवीन बानो, नकली चरणदास, निखल और दानपत्र के गवाह सहित 6 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, सरकारी दस्तावेजों में छेड़छाड़, कूटरचना और फर्जी दस्तावेज तैयार करने के आरोप में अपराध दर्ज करने आदेश किया है। प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि कुमार महोबिया के न्यायालय से यह आदेश जारी हुआ है। कोर्ट ने पुलिस को आदेशित किया कि वह अपराध दर्ज कर मामले में जांच कर चालान प्रस्तुत करे।

- प्रथम न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि कुमार महोबिया के कोर्ट ने दिया आदेश

प्रकरण के मुताबिक टाउनशिप भिलाई निवासी पुरुषोत्तम गोंसाई ने अधिवक्ता अभिषेक वैष्णव के माध्यम से कोर्ट में परिवाद दायर किया। उन्होंने कहा कि उनके पिता चरणलाल ने 10 मार्च 1980 में कातुलबोड़ में जमीन खरीदी थी। उनके पिता बीएसपी में सेवारत थे, जिनका 1 जुलाई 2013 को निधन हो गया। उनके निधन के बाद वारिसान में मां ढुल कुंवर बाई के अलावा वे खुद पुरुषोत्तम, भाई नरेंद्र और बहन आभा थे। उन्होंने नामांतरण के लिए पटवारी कार्यालय पहुंचकर जानकारी चाही, तो उन्हें पता चला कि उनकी जमीन को फर्जी तरीके से दानपत्र के आधार पर हस्तांतरण की कोशिश की जा रही है। इसके लिए चरण दास को जिंदा बताकर नकली व्यक्ति को राजस्व विभाग में खड़ा किया गया। इस कार्य में मोहम्मद तस्कीम, परवीन बेगम, निखिल और सहित दस्तावेजों में गवाही देने वाले शामिल थे।कोर्ट में प्रस्तुत याचिका के विचारण के बात लगाए गए आरोप प्रथम दृष्टया सही पाया गया, जिसके आधार पर कोर्ट ने अपराध दर्ज करने का आदेश दिया।

### फर्जी आधार कार्ड बनाया, नकली दस्तावेज प्रस्तुत किए

अधिवक्ता अभिषेक वैष्णव ने बताया कि बताया कि मृत व्यक्ति को जिंदा बताकर दानपत्र के जरिए नाम ट्रांसफर की साजिश की गई थी। जानकारी के बाद तहसीलदार ने इस प्रकरण को ही निरस्त कर दिया। इसके बाद पुरुषोत्तम गोसाई ने पहले पुलिस के पास मामले की शिकायत दर्ज कराई। अपराध दर्ज नहीं होने पर उन्होंने कोर्ट में परिवाद दायर किया। नाम ट्रांसफर के लिए कूटरचित दस्तावेज तैयार किए गए, फर्जी गवाह बनाए गए। मृत व्यक्ति को जिंदा बताकर दूसरे व्यक्ति को खड़ा किया गया। सरकारी दस्तावेजों से छेड़खानी की गई। इसके आधार पर कोर्ट ने अपराध दर्ज करने का आदेश किया है।

# अनियंत्रित कार ने चार को मारी टक्कर, एक गंभीर



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

तेज रफ्तार एक कार ने चार लोगों को चपेट में लिया है। हादसे में एक गंभीर स्थिति है। वहीं तीन लोगों को शरीर के विभिन जगह पर चोट आई है।शिकायत पर पुलिस ने चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कार सीजी 04 पीडी 4489 का चालक अरुणेन्द्र पाण्डेय रायपुर से लौट रहे था। उसके साथ कार में एक युवती भी बैठी थी। कार की रफ्तार काफी तेज थी कार जैसे ही भिलाई तीन रेलवे स्टेशन चौक पहुंचा अनियंत्रित होकर सर्विस लेन किनारे चाय दुकान में जा घुसी इसके अलावा बाइक सीजी 07 एलआर 4888, सीजी 07 बीबी 3391 और सायकल चालक को चपेट में लिया। घटना में रेलवे कर्मी भिलाई तीन निवासी बसंत पात्रों,चरोदा मंगलू खड़िया, चरोदा अशोक कुमार समेत पैदल चल रहे लोग चपेट में आए है। टीआई महेश ध्रुव ने बताया कि चालक नशे में नहीं था। अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खडे लोग के साथ हादसा हुआ है। पुलिस मामले में जांच कर रही है। घायलों के परिजनों को सूचना दी गई है। घायलों में तीन रेलवे कर्मी है। मंगलवार की शाम अपने काम से छुटकर तीनों स्टेशन चौक के किनारे चाय दुकान में चाय पीने के लिए रुके हुए थे। लेकिन कार अचानक तेज रफ्तार से आई और चपेट में लिया। हादसे में बसंत को माथा, कमर समेत अन्य हिस्सों में चोट आई है। बसंत की बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। इसके अलावा एक सायकल सवार की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

# डिप्टी सीएम के काफिले में घुसी नीली बत्ती कार, चालक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

डिप्टी सीएम अरुण साव के काफिले में अचानक फर्जी नीली बत्ती वाहन चालक अचानक आ गया। ट्रैफिक पुलिस ने रोक कर कार्रवाई की है। मिली जानकारी के मुताबिक डिप्टी सीएम अरुण साव मंगलवार को दुर्ग जिले की जामुल नगर पालिका में विकास कार्यों का उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचे थे। डिप्टी सीएम इससे पहले बालोद जिले के राजाराव पठार मेला आयोजन में शामिल हुए। उसके बाद भिलाई जामुल पहुंचे।

उनका काफिला जब बालोद से निकला तो रास्ते में अचानक नीली बत्ती लगी इनोवा कार काफिले के साथ चलने लगी। डिप्टी सीएम के फोलो गार्ड ने जब उस गाड़ी को देखा। ये सूचना दी कि उनके साथ चल रही इनोवा गाड़ी उनके साथ नहीं है। इसके बाद दुर्ग पुलिस अलर्ट हुई। सुरक्षा ड्यूटी में लगे ट्रैफिक एएसआई राजकुमार दुबे तुरंत हरकत में आए। इनोवा कार को रोक दिया। जब उन्होंने चालक से पूछताछ करने पर पुलिस को बताया कि राजाराव पठार मेले में बुकिंग पर गया था।




उसने सोचा की डप्टिी सीएम के काफिले के पीछे जल्द दुर्ग पहुंचेगा तो उसने अपनी गाड़ी उसके पीछे लगा ली। नीली बत्ती लगाकर बुकिंग करने और डिप्टी सीएम के काफिले की सुरक्षा सेंध लगाने के आरोप में ट्रैफिक पुलिस ने उसे पकड़ लिया। चालक को नेहरू नगर स्थित ट्रैफिक टावर लाया गया। गाड़ी के चालक ने अपना नाम दया राजपूत रिसाली निवासी होना बताया है।

# बीमारी से परेशान महिला ने किया अग्नि स्नान, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

बीमार से परेशान महिला ने आग लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी जामुल थाना क्षेत्र की है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है। जामुल पुलिस ने बताया कि कुरुद बस्ती निवासी

- बेटियों के सिर से माता पिता का साया छिना

प्रभा साहू 50 वर्ष बीमारी से परेशान थी। अपने शरीर पर स्वयं आग लगा लिया। महिला के शव को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल मरचूरी में रखा गया। पीएम के बाद परिजनों को शव सौंपा जाएगा। प्रभा साहू को शरीर में तेज जलन होने की बीमारी थी। उसे इतनी तेज जलन होती थी कि, वो उसे बर्दाश्त नहीं कर पाती थी। घर में कमाने वाली दो बहने हैं। काफी इलाज कराने के बाद जब बीमारी ठीक नहीं हुई, तो आत्महत्या कर ली। परिजनों के मुताबिक बड़ी बेटी जमुना शादी के बाद ससुराल में है। घर में प्रभा और उनकी तीन बेटियां रहती हैं। तेजश्वरी बीए सेकंड ईयर की छात्रा है। उससे बड़ी दो बहने धनेश्वरी रामनगर और गलेश्वरी रुंगटा कॉलेज में काम करने जाते हैं। मंगलवार सुबह उसकी दोनों बड़ी बहने काम पर चली गई थी। तेजेश्वरी भी मां को कॉलेज जाने की बात कहकर सुबह 11 बजे घर से निकली थी। प्रभा ने बेटी से कहा कि, घर के बाहर का दरवाजा बाहर से बंद कर चली जाना। तेजेश्वरी दरवाजा बंद कर कॉलेज चली गई। दोपहर करीब डेढ़ बजे जब वो घर वापस आई, तो आवाज लगाने पर प्रभा नहीं बोली। घर के भीतर खोजते-खोजते जब तेजेश्वरी पीछे बाड़ी की तरफ पहुंची, तो पीछे कमरे में उसकी मां जली पड़ी थी। तेजेश्वरी की चीख सुनकर आस पड़ोस वाले पहुंचे।



### पिता की पहले हो चुकी है मौत

तेजेश्वरी के मुताबिक पिता गोपाल साहू को कैंसर था। 25 जून 2024 को उनकी मौत हो गई। इसके बाद उनका घर बिखर सा गया था। मां भी काफी टेंशन में थी, जिससे उसे अजीब सी बीमारी ने घेर लिया। दो बड़ी बहनें बाहर काम कर किसी तरह घर चलाती हैं। प्रभा साहू शरीर में जलन होने पर काफी रोती थी। वो अपनी बेटियों से कहती थी कि वो आत्महत्या कर लेगी। जब वो मरेगी तभी उसे बीमारी से निजात मिलेगी। इस पर उसकी बेटियां उसे समझाती थी कि पिता के बाद वो सब एक दूसरे का सहारा हैं। कोई भी मरा तो पूरा परिवार टूट कर बिखर जाएगा। प्रभा की मौत ने बेटियों के सिर से मां और बाप दोनों का साया छीन लिया।

**पाठक सूचना**
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

# बेतरतीब पार्किंग से हो रही दुर्घटना, स्पीड ब्रेकर नहीं होने से चालक अनकंट्रोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शहर के किसी भी चौक चौराहों में ब्रेकर नही हैं। ब्रेकर नही होने से जहां वाहन चालक अनकंट्रोल हो गए हैं, वही बेतरतीब वाहनों की पार्किंग से वाहन चालक दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। शहर के रेल्वे स्टेशन से लेकर राजेन्द्र पार्क तक आए दिन जाम और दुर्घटना के हालात निर्मित हो रहे हैं।

शहर की बदहाल यातायात व्यवस्था से नागरिक परेशान है। लोग सड़क पर ही गाड़ी पार्किंग कर देते है, जिससे आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। शहर के एक डेंजर प्वाइंट रेलवे स्टेशन से राजेंद्र पार्क जाने वाली सड़क पर बन गया है। यहां ब्रेकर नहीं होने की वजह से चाहे बाइक हो या कार किसी की भी गति नियंत्रित नहीं होती। जिसके कारण लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। रेल्वे स्टेशन से होकर राजेन्द्र पार्क जाने वाले मार्ग पर स्थित सत्यम बेकरी के सामने सडक पर तीन रास्ता बन गया है। एक रेलवे स्टेशन से राजेंद्र पार्क की ओर, दूसरी दीपक नगर, मालवीय नगर से और तीसरी पोलसाय पारा, इंदिरा मार्केट जाने वाली सड़क हैं। यहां एक ट्रांसफार्मर भी लगा है। उसी के पास सड़क पर कार आदि वाहन खड़ी कर दी जाती है। जिससे रेलवे स्टेशन की ओर से आने वाली वाहनें सड़क के बीच से होकर गुजरती है। यहां अगर कोई बाइक को गुजरना हो तो सड़क की दूसरी ओर गुजर रही वाहनों, साइकिल व पैदल चलने वालों के लिए खतरनाक साबित हो रहा है।

## सड़क पर वाहन खड़ा करने व गति नियंत्रित नहीं होने से आए दिन हो रही दुर्घटनाएं

### किनारे तक लग रही दुकानें, सड़क पर वाहन

रेल्वे स्टेशन से राजेन्द्र पार्क वाली सड़क में रात के समय ज्यादा वाहनों का दबाव बढ़ जाता हैं। विगत दिनों रात लगभग साढ़े 9 बजे पोलसायपारा की ओर से दीपक नगर जाने के लिए साइकिल सवार को एक तेज चलती बाइक ने जबरदस्त ठोकर मार दी। जिससे साइकिल सवार को गंभीर चोटें आई, वहीं बाइक सवार भी गिर गया। उसे भी चोटें आई। इसी सड़क पर मोहन नगर पुलिस थाना है। यहां से पुलिस वाहन कई बार होकर गुजरती है, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जाता। वहीं चालक वाहनों को सड़क पर एक के बाजू दूसरा खड़ी कर देते हैं। जिससे पीछे आने वाली वाहन को रास्ता नहीं मिल पाता और वह सड़क के दूसरी ओर पहुंच जाता है।



### ट्रैफिक पुलिस आउटरों में ही सक्रिय

दुर्ग शहर में यातायात व्यवस्था चरमरा गई हैं। गिने चुने ट्रैफिक जवानों के भरोसे यातायात संभाली जा रही हैं। दुर्घटना को रोकने के लिए मालवीय नगर की ओर से आने वाली गली के पहले और पोलसायपारा सड़क में जाने के पहले स्पीड ब्रेकर बनाकर वाहनों की गति नियंत्रित कर तथा वाहन के लिए पार्किंग की व्यवस्था कर दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है। देखा गया है कि, शहर में कही पर भी ब्रेकर नहीं बनाया गया है। जिससे वाहन चालक मनमाने तरीके से फर्राटे भरते हैं।

## खबर संक्षेप



### हर्ष और टिकेश्वर ने किया रक्तदान

**दुर्ग।** जिला चिकित्सालय दुर्ग में एडमिट गंभीर मरीज पार्वती साहू डिलीवरी वार्ड और कन्हैया दास मेल मेडिकल वार्ड दोनों को ए नेगेटिव ब्लड की आवश्यकता थी। ब्लड बैंक नोडल अधिकारी डॉ प्रवीण अग्रवाल ने बताया कि रक्तदाता हर्ष सोनी और टिकेश्वर साहू द्वारा ए नेगेटिव ब्लड दिया गया। डिलीवरी वार्ड में एडमिट इंद्राणी के लिए दो यूनिट एबी नेगेटिव ब्लड की आवश्यकता थी, तो गोपाल गुप्ता द्वारा 104 बार एबी नेगेटिव और देवेश द्वारा 11वीं बार एबी नेगेटिव ब्लड दिया। नवदृष्टि फाउंडेशन के संस्थापक राज अड़तीया द्वारा रक्तदाता उपलब्ध कराकर जान बचाई गयी। रक्तदान के समय रक्त कोष अधिकारी डॉ पीयूष श्रीवास्तव, काउंसलर टीएस एंथोनी, स्टाफ नर्स तरूणा रावत, लैब इंचार्ज रूपेश सरपे, सीनियर लैब टेक्नीशियन महेंद्र चंद्राकर, मधुसूदन, कुसुम चंद्राकर, अटेंडेंट कौशल, हिमांशु चंद्राकर, माला, प्रशिक्षणार्थी वर्षा, मानसी, रूचि, धानेश्वरी उपस्थित थे।

### विश्व एड्स दिवस पर मनाया पखवाड़ा




**दुर्ग।** सेठ आरसीएस कला एंव वाणिज्य महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. पूजा मल्होत्रा के दिषा निर्देश एवं रेड रिबन क्लब नोडल अधिकारी फरहा परवीन सिद्दीकी के नेतृत्व में विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा मनाया गया। पखवाड़ा के अंतर्गत एचआईव्ही, एड्स विषय पर जनजागरूकता हेतु 9 दिसंबर को रंगोली, भाषण, कोलाज एंव पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम जूही सोनी, द्वितीय ललिता साहू, तृतीय आदित्य घोषित किये गये। भाषण में पूनम प्रथम, मीता द्वितीय, राहुल एवं सुमन तृतीय स्थान प्राप्त किया। कोलाज प्रतियोगिता में प्रथम चन्द्ररेणु, द्वितीय पूनम एंव तृतीय स्थान पर जूही रही। पोस्टर प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने एड्स विषय पर जागरूकता हेतु विभिन्न प्रकार के पोस्टर बनाये जिसे महाविद्यालय में प्रदर्षित किया गया। 10 दिसंबर को एचआईव्ही, एड्स महामारी के प्रति जागरूकता का प्रसार करने के लिए छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई गई।

## अव्यवस्था : आधा दर्जन केंद्रों में धान की खरीदी बंद, बिगड़ा समीकरण

# केन्द्रों में बीस लाख क्विं. धान जाम डीओ एक फीसदी भी नहीं कटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले के 102 उपार्जन केन्द्रों में बीस लाख क्विंटल से ज्यादा धान जाम हो गए हैं। जिससे आधा दर्जन केन्द्रों में पिछले तीन दिन से खरीदी बंद हो गई हैं। लेकिन उठाव के लिए अब तक पर्याप्त ट्रके मिलरों ने नही लगाई हैं। जिले में 20 लाख क्विंटल से अधिक धान जाम है और डीओ ( डिलीवरी आर्डर) 43 हजार क्विंटल का यानि सिर्फ दो फीसदी उठाव का कांटा गया हैं। इससे किसानों को जाम से न राहत मिलेगी और न बंद खरीदी केन्द्रों में खरीदी शुरू हो पाएगी।

जिला प्रशासन अब तक व्यवस्था बनाने में फेल साबित हुई है। सोमवार से उठाव का दावा करने वाले मिलरों ने अब तक सिर्फ 1261 क्विंटल का धान यानि एक फीसदी भी धान नही उठाए हैं। जिससे किसानो की समस्या बढ गई हैं। जिले के किसी भी केन्द्र में पर्याप्त ट्रके उठाव के लिए नही लगी हैं। जिले में धान खरीदी की स्थिति चरमरा गई हैं। सोमवार से आधा दर्जन केन्द्रो में खरीदी बंद हो गई हैं। वही आने वाले दिनों जिलेभर में स्थिति भयावह हो सकती हैं। सबसे ज्यादा परेशानी टोकन कैसिंल होने की हैं। छोटे को दो और बडे किसानों को तीन बार टोकन देना है। लेकिन खरीदी बंद होने से सैकडों किसानों का टोकन भी निरस्त हो गया हैं। जिससे किसानों के बीच हायतौबा की स्थिति निर्मित हैं।

बहरहाल जिले के 102 उपार्जन केन्द्र में 44318 किसानों से 20 लाख 37 हजार क्विंटल धान खरीदी गई है, जो जाम हैं। जबकि 95 सोसायटी में बफर लिमिट पार हो गया है यानि यहां धान रखने की जगह नही हैं। हैरानी इस बात की है कि, लाखों क्विंटल धान केन्द्रों में जाम है और उठाव के लिए डीओ 4398 क्विंटल यानि एक फीसदी से भी आधे का डीओ जारी किया गया हैं। उठाव के लिए जारी यह डीओ जाम से निजात नही दिला पाएगी। उठाव समय पर नही होने के कारण पहले से खरीदी के लिए बनाई गई प्लानिंग ध्वस्त हो गई है और किसानों का टोकन निरस्त होने से वे खरीदी से वंचित हो जाएंगे।

## जिले के 102 केन्द्रों में 20 लाख क्विंटल धान जाम, किसान परेशान



### इन केंद्रों में खरीदी हो गई बंद

सोमवार से जिले के नगपुरा, दमोदा, सांकरा, कन्हारपुरी, रसमडा और भेंडसर में खरीदी बंद हो गई हैं। वहीं समोदा, भिलाई तीन, नंदोरी, लिमतरा, औंधी व टेमरी, भेंडसर, फेकारी, रसमडा, समोदा में खरीदी बंद होने के आसर हैं। इसके आलावा थनौद, आलबरस, राहटादाह में भी खरीदी आगामी दिनों से बंद हो जाएगी।

### दो दिनों में मिलरों ने नहीं लगाई पर्याप्त ट्रकें

सोमवार को 23 हजार और बुधवार तक 4398 क्विंटल का डीओ जारी किया गया। लेकिन उठाव करने गिने चुने केन्द्रों में ही ट्रके लगी थी। जिले में राज्य शासन और मिलरों के बीच सुलह होने के बाद उठाव कराए जाने का दावा किया जा रहा था। लेकिन इन दो दिनो में उठाव की स्थिति नही के सामान रही। जिले में अब तक 20 लाख क्विंटल से अधिक की खरीदी हो चुकी हैं। जबकि उठाव 1261 क्विंटल का हुआ हैं।

### केन्द्रों में जाम, लेकिन आनलाइन नहीं दिख रहा

जिले के उपार्जन केन्द्रों में जितनी धान रखने की क्षमता हैं। उतना बफर लिमिट तय किया गया हैं। अब विडंबना यह है कि, आनलाइन पोर्टल में वे ही केन्द्र दिख रहे हैं। जिसमें बफर लिमिट से अधिक धान हैं। जबकि केन्द्रों में क्षमता फूल हो चुका हैं। ऐसे में सोसायटी प्रबंधको में भी नाराजगी दिख रही हैं। प्रबंधको का कहना है कि, बफर लिमिट को कम किया जाए, जिससे आनलाइन डीओ काटा जा सके।

# प्रमुख सचिव सोनमणी वोरा ने किया निरीक्षण



**दुर्ग।** आईआईटी भिलाई में आयोजित मार्किट प्लस साक्षरता कार्यशाला का आयोजन बुधवार को सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि वोरा उपस्थित हुए। कार्यशाला के उपरांत विभाग द्वारा संचालित विशिष्ठ आवासीय संस्था विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण प्रोत्साहन केन्द्र (कन्या) दुर्ग में आकस्मिक निरीक्षण किया गया। छात्राओं के कक्ष, रसोई कक्ष, स्टोर रुम एवं ई-लाईब्रेरी का विशेष रुप से निरीक्षण किया गया। जिसमें संचालित व्यवस्था से संतुष्ठ हुए तथा और बेहतर करने हेतु अधिकारी कर्मचारी को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी, अपर कलेक्टर अरविंद एक्का, अनुविभागीय अधिकारी हरवंश सिंह मिरी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास दुर्ग हेमन्त कुमार सिन्हा, सहायक अभियंता आदिवासी विकास उपस्थित थे।

## नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत



**दुर्ग।** आम आदमी पार्टी की नवनियुक्त लोकसभा अध्यक्ष गीतेश्वरी बघेल एवं लोकसभा महासचिव ज्ञान प्रकाश तिवारी का स्वागत आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष शहर संजय सिंह के नेतृत्व में संपूर्ण दुर्ग जिला शहर के सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर वार्ड 49 विद्युत नगर के पंकज सोनी एवं वार्ड 26 सिंधी कॉलोनी के अजय सचदेव वार्ड 39 के सुनीता यादव के द्वारा आप आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया गया। दुर्ग नगर निगम चुनाव आगामी कुछ माह में होने वाला है, ऐसे महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर जिला दुर्ग जिला अध्यक्ष तथा जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियो से वार्ता के कर आगामी चुनावी रणनीतियों की रूपरेखा तैयार की गई। इस अवसर पर घनश्याम सोनी, दिवाकर सिंह ठाकुर, आनंद नरेरा, अशोक पटवा, शंकर ठाकुर, शिशिर झा, बलदेव साहू, मानिकचंद साहू, यनेन्द साहू आदि थे।

# व्यवस्था सुधारने की चेतावनी, नहीं तो सड़क पर उतरेंगे अन्नदाता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन की नगपुरा में बैठक में धान खरीदी की बदहाल स्थिति और किसानों को होने वाली परेशानियों पर चर्चा की गई। इस बात पर किसानों ने आक्रोश व्यक्त किया कि, मिलर्स और शासन प्रशासन के बीच विवाद और प्रतिदिन धान खरीदी का कम कोटा निर्धारित करने का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है, संगठन की ओर से जिला प्रशासन और केंद्रीय सहकारी बैंक के अधिकारियों को पिछले 15 दिनों में दो बार उनका ध्यान किसानों की परेशानियों की ओर आकर्षित करके धान खरीदी की व्यवस्था दुरुस्त करने का आग्रह किया गया था। किंतु समस्या इतनी विकराल हो गई है कि, कुछ केंद्र में तीन दिन से खरीदी बंद है और कुछ और केंद्रों में खरीदी बंद होने की स्थिति है। छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन ने कहा कि, रविवार तक धान खरीदी की व्यवस्था दुरुस्त नही करने पर सोमवार को अन्नदाता सड़क पर उतरने मजबूर हो जायेंगे। बैठक में होरी लाल साहू, विनोद देशमुख, देवशरण साहू, कांतिलाल देशमुख, बंशीलाल देवांगन, कल्याण सिंह ठाकुर, बद्री प्रसाद पारकर, बाबूलाल साहू, मेघराज मढ़रिया, परमानंद यादव, उत्तम चंद्राकर, झबेंद्र भूषण वैष्णव, आईके वर्मा, राजकुमार गुप्त शामिल हुए।

### राशनकार्ड नवीनीकरण 28 फरवरी तक

**दुर्ग।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत प्रचलित राशनकार्डों के नवीनीकरण हेतु 31 अक्टूबर तक वृद्धि की गई थी। प्रभारी खाद्य नियंत्रक टीएस अत्री के अनुसार राज्य शासन द्वारा राशनकार्ड नवीनीकरण की समय-सीमा अब 1 दिसम्बर से 28 फरवरी 2025 तक बढ़ाई गई है।

## शिक्षकों ने मांगा अतिरिक्त अर्जित अवकाश



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द मिश्रा से मुलाकात कर ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान लोकसभा निर्वाचन की आचार संहिता एवं निर्वाचन संपन्न कराने में अपने दायित्वों का निर्वहन करने के चलते जिले के शिक्षकगण मुख्यालय छोड़कर नहीं जा पाए, जिसके चलते अब शिक्षकों ने ग्रीष्मकालीन अवकाश के बदले अतिरिक्त अर्जित अवकाश शिक्षकों की सेवा पुस्तिका में जोड़े जाने की मांग जिला शिक्षा अधिकारी से की है। इस हेतु जिला अंतर्गत सभी आहरण संवितरण अधिकारियों को निर्देशित करने हेतु निर्देशित करने की मांग रखी। जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा अति शीघ्र यथोचित निर्देश जारी करने का आश्वासन दिए हैं। प्रतिनिधि मंडल में जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न साहू, प्रदेश महामंत्री ओम प्रकाश पाण्डेय एवं जयंत यादव, जिला उपाध्यक्ष कमल वैष्णव, जिला सचिव वीरेंद्र वर्मा, जिला महामंत्री संजय चन्द्राकर, अमिता हरमुख, राजेश चंद्राकर, चन्द्रहास साहू, टामिन वर्मा, राहुल झा, राजेश्वर देशमुख, अब्दुल वहाब खान आदि शामिल रहे ।

# आदित्य नगर में होंगे विकास कार्य विधायक ने किया भूमिपूजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

पटरीपार क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्य होंगे। वार्ड 20 की सड़क बनने के बाद आवागमन पहले और बेहतर होगा। सालों से लंबित मांगे पूरी होने पर नागरिकों ने विधायक का आतिशबाजी से स्वागत किये और आभार जताये। वार्ड भ्रमण के दौरान वार्ड क्रमांक 20 आदित्य नगर के निवासियों ने विधायक गजेन्द्र यादव से विभिन्न विकास कार्य के लिए आग्रह किये थे। विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा कि, मूलभूत सुविधाओ व समस्याओ कार्य निरन्तर होते रहेंगे। दुर्ग को सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ाने योजना बनाकर कार्य किया जा रहा है। वार्ड 20 आदित्य नगर चौक से आशीष सोनी घर तक नाली निर्माण कार्य लागत राशि 16 लाख एवं आदित्य नगर दुर्ग स्कूल पानी टंकी के पास डोमशेड निर्माण कार्य लागत राशि 10 लाख इसके अलावा मद्रासी दुकान से शोरी घर तक, सरस्वती स्कूल के पास बनोटे हाऊस, भवानी किराना से गार्डन तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य लागत राशि 19.93 लाख, साथ ही 15वें वित्त मद द्वारा आदित्य नगर गुप्ता चाट सेन्टर से पानी टंकी तक डामरीकरण कार्य लागत 12.50 लाख। आदित्य नगर के 4 स्थानों में निर्माण कार्य की कुल राशि 58 लाख 47 हज़ार के कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस दौरान पार्षद अमित देवांगन, देवनारायण चंद्राकर, शिवेंद्र परिहार, अजीत वैद्य, जयश्री जोशी, सुनील अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# श्रमदान कर पटरीपार शक्ति नगर में तालाब की सफाई



**दुर्ग।** नगर पालिक निगम शहर सीमा क्षेत्र अंतर्गत प्रदेश सरकार के 1 वर्ष पूरा होने पर बुधवार सुबह पटरीपार वार्ड क्रमांक 17 स्थित शक्ति नगर तालाब में कमिश्नर सुमित अग्रवाल के नेतृत्व में वार्ड पार्षद देवनारायण चन्द्राकर एवं स्थानीय लोगो संग सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। कमिश्नर श्री अग्रवाल व पार्षद सहित निगम कर्मियों के संग स्थानीय लोगो ने भी सफाई में हाथ बटाया। स्वच्छता पखवाड़ा के तहत श्रमदान किया गया जिसमें तालाबों के किनारे सफाई किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगो को तालाब को स्वच्छ रखने की शपथ दिलाई गई।

वार्ड क्रमांक 17 शक्ति नगर तालाब सफाई के लिए कमिश्नर सुमित अग्रवाल और पार्षद देवनारायण चन्द्राकर ने स्थानीय लोगो के साथ बढ़ाया. हाथ साफ सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश।इस दौरान स्वस्थ अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, राहुल,कुणाल सहित वार्ड नागरिको मौजूद रहें।

## ननि ने पांच दुकानदारों से जुर्माना वसूला

# गंदगी फैलाने वालों पर कसा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कमिश्नर सुमित अग्रवाल के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग टीम ने बुधवार को शहर के विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करते हुए गंदगी फैलाने वाले कई दुकानदारों का चालान काटा। इस दौरान वार्ड नबर 32 क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए पांच दुकानदारों से 13000 का चालान वसूला गया।

- पांच लोगों से टीम ने वसूली जुर्माने की राशि

साथ ही दुकानदारों को नियमित रूप से साफ सफाई रखने और गीला और सूखा कचरा अलग-अलग डालने के लिए समझाइश की गई।




कार्रवाही के दौरान सफाई दरोगा सुरेश भारती के साथ स्वास्थ्य विभाग टीम अमला मौजूद रहें। स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा ने बताया कि, गन्दगी फैलाने पर शहर में विभिन्न स्थानों पर चालान की कार्रवाई शुरू की गई है। सुबह कमिश्नर के निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि, जुर्माना गंदगी फैलाने और निर्माण मटेरियल सड़क फैलाने पर किया जाए। निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने साफ कहा कि, गंदगी फ़ैलाने वालों से एवं भवन निर्माण सामग्री रखने वालों से जुर्माने की राशि वसूली करें।

### दी जा रही हिदायत और चेतावनी

बता दें कि, कार्रवाई दुकानदारों, होटल, रेस्टोरेंट, बाजारों में गंदगी फैलाने वाले, कचरा को एकत्रित न कर इधर-उधर फेंकने वालों, गीला-सूखा कचरा अलग-अलग नहीं देने वालों, खाली भूखंडों में कचरा फेंकने और उसे जलाने वालों और मकान तोड़फोड़ से निकलने वाला मटेरियल को इधर-इधर न फेंके। इस पर निगम ने सख्ती से रोक लगाई है। नगर निगम के निर्देश का उल्लंघन करने वालो पर कार्रवाही के साथ जुर्माना वसूला जाएगा।

# सचिव एस बसवराजू ने वीडियो कॉफ्रेंसिंग से ली बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

राज्य शासन के नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव एस बसवराजू द्वारा वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से नगरीय निकायों के चुनाव कार्यों में वार्डो के आरक्षण के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होंने कलेक्टर एवं नगर निगम आयुक्तों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, अपर कलेक्टर मुकेश रावटे, नगर निगम आयुक्त, नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से एनआईसी कक्ष दुर्ग से जुड़े। दुर्ग जिला कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी को नगर पालिक निगम, नगर पालिका परिषद, नगर पंचायतों के वार्डों के आरक्षण की कार्यवाही हेतु विहित प्राधिकारी नियुक्त किया गया है। जिन निकायों में अभी निर्वाचन किया जाना है, केवल उन्हीं निकायों में वार्ड आरक्षण की कार्यवाही की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### धमधा परियोजना अधिकारी हटाई गई, धरना समाप्त

**धमधा।** पिछले 8 दिनों से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं की धरना को बुधवार को जिला परियोजना अधिकारी ने धरना स्थल पहुँचकर उनकी मांग धमधा परियोजना अधिकारी छाया सिंह को धमधा से हटाने की सहमति पर आंगनबाड़ी बहनों ने अपना धरना वापस ले लिया है। उनके धरने से जहां 8 दिनों से आंगनबाड़ी में ताला लग गया था वहीं शासन की योजना भी सफल नही हो पा रही थी। धमधा परियोजना अधिकारी को धमधा से हटाकर जिला परियोजना कार्यालय भेजा गया है। वहीं धमधा परियोजना अधिकारी के रूप में रंजना ठाकुर को धमधा पदस्थ किया गया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगे पूर्ण होने पर शासन का धन्यवाद देते हुए मिठाई बांटकर अपनी खुशी जाहिर की।

### बोरी में नवीन उप रजिस्टार कार्यालय कल से होगा शुरू

**धमधा।** छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्यिक कर पंजीयन विभाग द्वारा नवीन उप पंजीयक कार्यालय बोरी अचल संपत्ति से संबंधित पंजीयन प्रारंभ किया जा रहा है। नवीन कार्यालय ग्राम बोरी में पुराना तहसील कार्यालय भवन, शासकीय चिकित्सालय के पास संचालित होगा। नवीन कार्यालय में पंजीयन कार्य 16 दिसंबर सोमवार से प्रारंभ होगा। नवीन उप पंजीयक कार्यालय का शुभारंभ विधायक ईश्वर साहू के मुख्य आतिथ्य में 13 दिसंबर को किया जाएगा।
नवीन उप पंजीयक कार्यालय के प्रारंभ होने से चीचा, डोड़की, देउरकोना, अरसी, सुखरीकला, टेकापार, तुमाखुर्द, फुण्डा, सिलतरा, बोरीबुजुर्ग, परसदाखुर्द, दनिया, पथरिया, डोमा, नवांगांव, परसदापार, मड़ियापार, पुरदा, करेली, गाड़ाडीह, लिटिया, जोगीगुफा, सेमरिया, हसदा, चिखला, बिरेझर, हिरी, खर्रा, रौता, टेमरी, पोटिया, सेवती कुल 32 ग्रामों की रजिस्ट्रीयां स्थानीय रूप से हो सकेंगी तथा पक्षकारों को दुर्ग या धमधा जाने की आवश्यकता नहीं होगी। पूर्व में इन ग्रामों की रजिस्ट्रीयां धमधा या दुर्ग में ही होती थीं अब इन सभी क्षेत्रों की रजिस्ट्रीयां नवीन उप पंजीयक कार्यालय बोरी में होंगी। उप पंजीयक कार्यालय का स्थानीयकरण होने से इन क्षेत्रों की निवासी आमजनता को जहां पंजीयन कराने के लिए दुर नहीं जाना पड़ेगा वहीं उप पंजीयक कार्यालय दुर्ग तथा धमधा में भी क्षेत्र की कमी होने से कार्यालयों में भीड़ कम होगी। दिनांक 16 दिसंबर से नवीन उप पंजीयक कार्यालय बोरी में इन सभी क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले अचल संपत्तियों से संबंधित समस्त दस्तावेजों का पंजीयन कराया जा सकता है।

## सोनकर समाज भवन सहित विभिन्न विकास कार्यों का हुआ लोकार्पण

# सोनकर समाज की पहचान पूर्वजों ने बनाई वर्तमान पीढ़ी आगे बढ़ा रही: पूर्व सीएम भूपेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुम्हारी

पूर्व मुख्यमंत्री एवं पाटन विधायक भूपेश बघेल ने कुम्हारी में बुधवार को सोनकर समाज के भवन का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने 3 करोड़ 20 लाख रुपये की लागत से हुए अन्य विकास कार्यों का भी लोकार्पण किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया।

अपने उद्बोधन में भूपेश बघेल ने सोनकर समाज को बधाई देते हुए कहा कि यह सामाजिक भवन न केवल सोनकर समाज के लिए ही नही बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण संपत्ति साबित होगा। यह भवन एक ऐसी जगह पर बना है जहां पुरानी बस्ती और कॉलोनी दोनों ही स्थित हैं, इस तरह यह दोनों समुदायों को जोड़ने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि सोनकर समाज अपनी मेहनत और लगन के लिए जाना जाता है। वे कृषि, विशेषकर सब्जी उत्पादन में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। कुम्हारी की सब्जी मंडी की सफलता में सोनकर समाज की अहम भूमिका है। यह मंडी न केवल कुम्हारी बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए सब्जियों का एक प्रमुख केंद्र बन गया है। सोनकर समाज शिक्षा के प्रति भी समर्पित है। इस समुदाय में दान की भावना बहुत गहरी है, जैसा कि बिन्नी बाई सोनकर के उदाहरण से स्पष्ट है। उन्होंने समाज के विकास के लिए लाखों रुपये दान किए हैं। सोनकर समाज की यह पहचान उनके पूर्वजों ने बनाई है और वर्तमान पीढ़ी इसे आगे बढ़ा रही है। मुझे विश्वास है कि आने वाली पीढ़ी अपनी इस विरासत को संभालेगी। मुझे हमेशा सोनकर समाज का भरपूर समर्थन मिला है। इसी कारण मुझे कुम्हारी के कई वार्डों में एक तरफा जीत मिलती रही है जिसके लिए मैं समाज का आभारी हूं। उन्होंने परिसर वृक्षारोपण भी किया।

**कुम्हारी सब्जी मंडी की सफलता में सोनकर समाज की अहम भूमिका**



इस मौके पर अपनी बात रखते हुए पालिकाध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने भूपेश बघेल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन्होंने सिर्फ सोनकर समाज ही नही बल्कि अन्य कई समाज के लिए भवन दिया है। मुख्यमंत्री रहते हुए इन्होंने कुम्हारी को करोड़ो की सौगात देकर विकास के कार्य कराए। सोनकर समाज कुम्हारी राज के अध्यक्ष महेश सोनकर ने कहा कि सोनकर समाज आज प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है शिक्षा के क्षेत्र में सोनकर समाज के बच्चों ने अपना परचम लहराया है। कार्यक्रम के अंत मे समाज के वरिष्ठ नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ताओं, एवं विद्यार्थियों का जिन्होंने अपने अपने क्षेत्र में अतुलनीय कार्य किये हैं का प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में छन्नूलाल सोनकर, बल्ला राम सोनकर, श्याम सोनकर, चंदन सोनकर, काशीराम सोनकर, मनहरण सोनकर, महेश सोनकर, मनहरण यादव, प्रमोद सिंह राजपूत, थनेश पटेल, प्रमोद चन्द्राकर, यूजेन्द्र साहू, ओम नारायण वर्मा, लेखराम साहू, जानकी ध्रुव, शांति टण्डन, लता खैरवार, ललिता ध्रुव, रीना साहू एवं गीतांजली साहू बड़ी संख्या में सोनकर समाज के लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अनिल सोनकर एवं आभार प्रदर्शन महेश सोनकर ने किया।

## हैंडबाल प्रतियोगिता में मनसा कॉलेज की टीम ने मारी बाजी



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित हैंडबॉल पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन 10 दिसंबर को मनसा शिक्षा महाविद्यालय के तत्वाधान में किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालय से आई 5 टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें शासकीय विज्ञान महाविद्यालय दुर्ग, सेठ रत्नचंद सुराना महाविद्यालय दुर्ग, स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय हुडको, शास. घनश्याम महाविद्यालय बालोद उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि भूपेंद्र कुलदीप, कुल सचिव हेमचंद यादव विश्वविद्यालय ने प्रतियोगिता का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना से किया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत पुष्प पौधे से किया गया। मुख्य अतिथि भूपेंद्र कुलदीप ने अपने उद्बोधन में प्रतिभागियों को प्रेरणास्पद आशीष वचन प्रदान किया गया एवं जीवन में किसी भी संघर्ष का सामना करते हुए निरंतर अपने लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए आगे बढ़ने एवं सफलता के मूल मंत्र से अवगत कराया। वहीं संजीव सक्सेना संचालक एवं प्राचार्य प्रो स्मिता सक्सेना द्वारा कुल सचिव को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला मनसा शिक्षा महाविद्यालय भिलाई एवं स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय हुडको के मध्य खेला गया। दोनों ही टीमों ने अपना शानदार प्रदर्शन दिखाया एवं मनसा शिक्षा महाविद्यालय की टीम ने विजेता का खिताब हासिल किया एवं स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय हुडको की टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता के अंत में मनसा महाविद्यालय के डायरेक्टर संजीव सक्सेना एवं प्राचार्य प्रो. स्मिता सक्सेना द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्राफी प्रदान की गई।

■ मनसा कॉलेज में हैंडबॉल पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन

## विज्ञान मेला में विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**धमधा।** शिक्षा विभाग, खेल विभाग एवं नेहरु युवा केंद्र भारत सरकार द्वारा जिला स्तरीय जिला युवा उत्सव अंतर्गत विज्ञान मेला का आयोजन दुर्ग जिले के पाटन विकास खण्ड के सेलूद ग्राम में 7 दिसम्बर को किया गया जिसमें स्काई इंटरनेशनल स्कूल धमधा के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। व्यक्तिगत विज्ञान मॉडल में कौशल वर्मा को जिले में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। इसी तरह स्कूल के विद्यार्थियों को सामूहिक विज्ञान मेला में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। स्काई इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने आधुनिक कृषि यंत्र समर कूलर छाता, बाढ़ नियन्त्रन अलार्म, ह्यूमन हार्ट, किडनी हेमोडायलिसिस, इलेक्ट्रोमैग्नेटिक हाइड्रोलिक क्रेन, सेफ्टी एक्सीडेंट डिटेक्टर, भूकंप बचाओ अलार्म, फ़ायर अलार्म सिस्टम ,के मॉडल प्रदर्शित किये। इस ग्रुप में स्काई इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थी चंचल मानिकपुरी, श्रुति साहू, ख़ुशी साहू, नेहा पटेल, सुषमा बघेल , प्राची, मान्या उपाध्याय, उन्नति ताम्रकार, स्वीटी जैन, नमन साहू , शेख हादिन, अविरल सिन्हा, अथर्व पाण्डेय, कुनाल ताम्रकार, लक्ष्य राजपूत , शाकल्य उपाध्याय, कुनाल ठाकुर, ने भाग लेकर महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

## विधायक डोमन लाल ने अहिवारा विधान सभा के विकास के लिए अपने संकल्प को दोहराया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नंदिनी अहिवारा

विष्णु देव साय सरकार के सफलता पूर्वक एक वर्ष पूरा होने पर अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाडा द्वारा अहिवारा रेस्ट हाउस में 11 दिसम्बर बुधवार के दिन एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। साय सरकार को उन्होंने सबसे अच्छी सरकार बताया। इस पत्रकार वार्ता में उन्होंने अपने एक वर्ष 2024-25 में अहिवारा विधान सभा में कराये गये कार्यो का ब्यौरा प्रस्तुत किया। कोर्सेवाडा वर्ष 2008 के बाद वर्ष 2023 के चुनाव में 25263 मतों से कांग्रेस के निर्मल कोसरे को हराकर दूसरी बार विधायक चुने गये।उन्होंने बताया कि अहिवारा विधान सभा में विभिन्न विभाग जिसमे जलसंसाधन विभाग, जे के लक्ष्मी सीमेंट, एसीसी अडानी सीमेंट, जनपद पंचायत दुर्ग, जनपंचायत धमधा, भिलाई चरोदा निगम, वनमंडल दुर्ग शामिल है के द्वारा कुल 43 करोड़ 64 लाख 35 हजार रुपयों के कार्य करवाए गये है।जिसमे भिलाई चरोदा निगम द्वारा प्रधानमंत्री आवास पर 1385 लाख एवं हथखोज में ट्रांसपोर्ट नगर के विकास पर 10 लाख रूपये खर्च किये जा रहे है। उन्होंने बताया कि जेवरा सिरसा मंडल में अधोसरंचना मद,विधायक निधि,क्रेडा विभाग के मद,सौर सुजल विभाग के मद,पीएचई मद,मंडी निधि,15 वे वित्त मद,डीएमएफ मद,आपात निधि मद से कुल 2 करोड़ 66 लाख 38 हजार रुपयों के विकास कार्य करवाए गये है। इस अवसर पर विधायक गजेन्द्र यादव, रविशंकर सिंह, पालिका अध्यक्ष नटवर ताम्रकार, सुषमा जेठानी, प्रेम सागर, विद्यानंद कुशवाहा, प्रह्लाद पटेल, हेमंत साहू, हेमंत देवांगन, अभिषेक सिंह आदि उपस्थित थे।



■ विधायक कोर्सेवाडा का अहिवारा रेस्ट हाउस में पत्रकार वार्ता का आयोजन

## गीता ज्ञान हमें सत्य, धर्म और कर्तव्य का मार्ग दिखाते हैं: विधायक ललित



**भिलाई।** दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने प्रदेशवासियों को गीता जयंती की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महाभारत युद्ध की शुरुआत में माघशीर्ष मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी पर भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को भगवद्गीता का उपदेश दिया था। इस दिन गीता जयंती मनाई जाती है। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता अनेक महापुरुषों के लिए दार्शनिक मार्गदर्शक और आध्यात्मिक शिक्षक रही है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए जीवन जीने की प्रेरणा दी है। गीता में जीवन की अनेक समस्याओं का समाधान मिलता है। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि गीता जयंती का पर्व भगवद्गीता के दिव्य संदेशों को आत्मसात करने का दिन है। गीता का ज्ञान हमें सत्य, धर्म और कर्तव्य का मार्ग दिखाते हुए जीवन में संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा देता है।


## 13 एकड़ के धान के गट्ठे में अज्ञात ने लगाई आग, जलकर हुआ खाक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पाटन

पाटन नगर पंचायत के वार्ड 8 में जगन्नाथ मंदिर के पीछे कोठार में रखे हुए किसान के धान पर किसी अज्ञात ने किसान के 13 एकड़ के रखे धान के गट्ठे में आग लगा दी। पीड़ित किसान गणेश यादव ने बताया कि 13 एकड़ के धान को मैने कटाई करवा कर अपने कोठार में खरही के रूप में एकत्रित कर के रखा हुवा था जिसे किसी अज्ञात ने कोठार में रखे धान में आग के हवाले कर दिया जिससे पीड़ित बहुत परेशान है।

मिली जानकारी के अनुसार रात को करीब 3 बजे रात को अज्ञात ने घटना को अंजाम दिया और फ़रार हो गया। सुबह लोग घूमने को निकले नगरवासी ने पीड़ित को सूचना दिए और पीड़ित अचानक से घबरा कर सदमे में परेशानी का सामना कर रहा है। पूर्व पार्षद राज देवांगन ने बताया कि पीड़ित के ऊपर हुए अत्याचार को लेकर पहुत परेशान है। वे आरोपी पर सख्त कार्यवाही करने को लेकर पुलिस प्रशासन पर आवश्यक कार्यवाही करने को शासन से मांग करेंगे और शासन से पीड़ित को मुआवजा दिलाने की बात रखी। पार्षद प्रतिदिन अभाष दुबे ने तत्काल फायर ब्रिगेड को कॉल कर के घटना स्थल पर बुलाया और कोठार में रखे हुई धान के बोझहा में पानी से आग को बुझाया गया। पीड़ित गणेश यादव ने बताया कि मेरे पास अब कुछ भी नही बचा है, उन्होने कहा कि मेरे पास अब रेगहा वाले को देने के लिए धान नही तक नही बची। लाखों का कर्जा लदा हुआ है। वे किसी से पैसा उधार में लाये हुवे व्यक्ति को उनके कर्जा अदा करने में बहुत कठिनाइ हो गई है मेरा सालों के मेहनत पर पानी फेर गया किसान फुट फुट कर रो रहे है वे शासन से छतिपूर्ति की मांग कर रहे हैं।





## निधन

### शोभा सुराना

**दुर्ग।** 4 ए मालवीय नगर निवासी बस्तीमल सुराना सीए की पत्नी शोभा सुराना उम्र 62 वर्ष का निधन बुधवार को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 12 दिसंबर को सुबह 10 बजे मालवीय नगर निवास से हरनाबांधा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे नेहा, आकाश की मां और रमेश, सुरेश, नरेश, दिनेश की भाभी थीं।वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड गई है।



### जयश्री बंछोर

**सेलूद।** ग्राम परसाही निवासी स्व. भोजराम बंछोर की पत्नी जयश्री बंछोर का आकस्मिक निधन मंगलवार की रात को हो गया। उनका अंतिम संस्कार परसाही के उनके निजी खेत में अंतिम संस्कार किया गया। वे महेश्वर, महादेव, महेन्द्र, सनत बंछोर की भाभी व देवेन्द्र, बिरेन्द्र बंछोर की मां थीं। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड गई है।




## बिजनेस साइट

## ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद




**भिलाई।** शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, दिवाली व शादी विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।


## जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर कल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| उतई

ग्राम मचांदुर में 12 दिसंबर को सुबह 11 बजे से जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमें सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी अपने अमले के साथ मौजूद रहेंगे। उक्त शिविर में आसपास के ग्रामीण शामिल होकर अपनी समस्याएं विभागवार लगाकर समस्या का निदान प्राप्त कर सकते हैं।











विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# सरकार से छिपाकर एक इंच भी जमीन दबाई तो तुरंत बता देगा एआई ड्रोन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सरकारी जमीन पर कब्जा हो या फिर तय सीमा से अधिक भवन निर्माण, अब एक इंच भी जगह बढ़ाकर कंस्ट्रक्शन कराया तो नगर निगम को जानकारी तुरंत पहुंच जाएगी। यह शिकायत पहुंचाने वाला कोई व्यक्ति नहीं होगा, बल्कि नए जमाने की एआई टेक्नोलॉजी इसमें मददगार होगी। रूंगटा आर-1 इंजीनियरिंग कॉलेज में चल रहे स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के पहले दिन बुधवार को टेक्नोक्रेट्स ने खास टेक्नोलॉजी का डेमो दिया, जो टीयर- सिटी भिलाई के साथ-साथ देश के महानगरों तक के इंफ्रास्ट्रक्चर की डिजिटल कुंडली तैयार कर सकती है। यह सिस्टम बता सकता है कि, जिस व्यक्ति या फर्म को भवन निर्माण के लिए किस अनुमात में अनुमति दी गई थी और निर्माण के बाद उसने तय सीमा में कंस्ट्रक्शन कराया है या फिर अतिक्रमण किया। यह सिस्टम ड्रोन टेक्नोलॉजी पर आधारित है। जिसमें ड्रोन शहर की डिजिटल मैपिंग करने के साथ-साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए निगमों द्वारा दी गई अनुमतियों का मिलान करता है साथ ही अनुमति के अतिरिक्त एक इंच भी अधिक होने या अतिक्रमण होने पर यह तुरंत सूचना भेजता है।

## हैकाथॉन-2024 के उद्घाटन समारोह में केंद्रीय मंत्री धमेंद्र प्रधान वर्चुअल जुड़े

### सेटेलाइट इमेजिंग के जरिए करेगा काम

यह पूरा सिस्टम सेटेलाइट इमेजिंग के जरिए काम करता है। कहीं हुए निर्माण कार्य को डिटेक्ट करने के बाद ड्रोन को सेटेलाइट के साथ शेड्यूल किया जाता है। इसके जरिए यह पता लगाना आसान हो जाता है कि शहर में कहां-कहां पर रीसेंट निर्माण कार्य कराया गया है। इसके बाद ड्रोन को सर्वे के लिए तैयार किया जाता है, जिसमें पहले से फीड डाटा और अनुमति का मिलान करने के बाद यह कंस्ट्रक्शन एरिया में छेड़छाड़ पाया जाता है तो यह उस प्रॉपटी को ब्लैक लिस्ट कर जानकारी निगमों तक पहुंचा सकता है। मसलन, यदि किसी को दो माले के भवन की अनुमति दी गई थी, लेकिन यदि तीसरा माला बनाया तो इसकी जानकारी तुरंत निगम प्रशासन के पास होगी और उस प्रॉपटी के मालिक के खिलाफ कार्रवाई हो सकेगी।





### इनोवेशन पर प्रधान ने की सभी टीमों से बातचीत

रूंगटा आर-1 में हो रहे इस नेशनल लेवल हैकाथॉन का उद्घाटन बुधवार को केंद्रीय मंत्री धमेंद्र प्रधान ने वर्चुअल तरीके से किया। इस दौरान उन्होंने सभी टीमों से उनके इनोवेशन पर बातचीत की। कहा कि, हैकथॉन सिर्फ तकनीक और इनोवेशन को जोडने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह युवाओं को स्टार्टअप से जोडने का मौका भी देगा। छात्रों को ऐसे इनोवेशन करने को कहा जिससे समाज को नई दिशा में मिल सके। यह हैकाथॉन देशभर के चुनिंदा 51 केंद्रों में हो रहा है। जिसमें भिलाई का रूंगटा आर-9 इंजीनियरिंग कॉलेज भी एक है। स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन का यह 7 वां एडिशन है, जिसमें एसआईएच 54 मंत्रालयों, विभागों, राज्य सरकारों, पीएसयू और उद्योगों द्वारा 250 से अधिक प्रॉब्लम स्टेटमेंट दिए गए हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी ने दी युवाओं को बड़ी सीख

इस कार्यक्रम में मौजूद टीमों से वर्चुअल संवाद करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टीमों को बड़ी सीख दी। उन्होंने कहा कि, मौजूदा दौर में साइबर क्राइम बड़ी चुनौती है। ठगी करने वाले काफी इनोवेटिव हैं। ऐसे में हमारे टेक्नोक्रेट्स को उनसे आगे की सोच रखनी होगी। अभी हम टेक्नोलॉजी के जरिए उनकी ठगी का तोड़ निकालते हैं लेकिन वे अगले कुछ घंटों में ही उस ट्रीक को समझकर अपना पैटर्न बदल देते हैं। ऐसे में उनके इस जाल से निपटने का एक ही रास्ता है, खुद को अपडेट रखना। टेक्नोक्रेट्स ऐसे टूल्स डेवलप करें जो कुछ घंटों में ही उनकी मूवमेंट को समझकर एक्शन प्लान तैयार कर लें ताकि देश को साइबर अपराधियों के जाल से सुरक्षित रखा जा सके।

### आज होगा सभी टीमों का मूल्यांकन

इस स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन का समापन गुरुवार को होगा। हैकाथॉन में आई सभी 25 टीमों का मूल्यांकन करने के लिए देश की नामी सॉफ्टवेयर कंपनियों के बेहद अनुभवी डेवलपर्स भिलाई पहुंचे हुए हैं। इस हैकाथॉन में रूंगटा आर-1 इंजीनियरिंग कॉलेज को भारत सरकार की एजुकेशन मिनिस्ट्री ने नोडल सेंटर बनाया है। साथ ही हैकाथॉन के सॉफ्टवेयर एडिशन की मेजबानी करने की जिम्मेदारी सौंपी है।

## खबर संक्षेप



### फ्लाइट आफ स्टील स्कल्पचर पूर्णता की ओर

**भिलाई।** इक्यूपमेंट चौक पर फ्लाईट आफ स्टील स्कल्पचर का निर्माण कार्य पूर्णता पर है। 1996 में 'फ्लाइट आफ स्टील स्कल्पचर' स्थापित किया गया था। फ्लाईओवर निर्माण की प्रक्रिया में विस्थापित होने के कारण अब इसकी पुनः स्थापना जयंती स्टेडियम के सामने मैदान पर 'न्यू स्कल्पचर न्यू लोकेशन' के नाम से अंतरराष्ट्रीय मूर्तिकार जतिन दास के निर्देशन में किया जा रहा है। यह आकर्षक कलाकृति वेल्डेड स्टील की 30 फीट की है। निर्माण के लिए दास ने बीएसपी का दौरा करने, श्रमिकों से मिलने, स्क्रैप मेटल के टुकड़े उठाने एवं उपयुक्त कलात्मक रूप के बारे में विचार के लिए संयंत्र में कई सप्ताह समय व्यतीत किया था।

### कार्बन उत्सर्जन कम करने से होंगे कई लाभ

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के पर्यावरण प्रबंधन विभाग के सहयोग से रिफ्रेक्टरी इंजीनियरिंग विभाग (आरईडी) द्वारा आरईडी क्रान्फ्रेंस हाल में सेल पर्यावरण नीति और बीएसपी द्वारा पहल सेल एनवायरमेंट पलिसी एंड इनिसिएटिव बाई बीएसपी पर सत्र आयोजित किया गया। आरईडी में चल रहे पर्यावरण जागरूकता माह के अंतर्गत आयोजित सत्र में आरईडी के सभी अनुभागों के अधिकारी कार्मिक और संविदा कर्मचारियों ने भाग लिया। सहायक महाप्रबंधक अमित राय ने संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) द्वारा निर्धारित हमारी भूमि हमारा भविष्य'' थीम पर आयाजित गतिविधियों की जानकारी दी। उप महाप्रबंधकसतीश कुमार अग्रवाल ने साइकिल के उपयोग और कार्बन उत्सर्जन को कम करने में पर्यावरणीय लाभ और भूमिका पर प्रस्तुति दी। वरिष्ठ प्रबंधक मोहित कुमार ने अपने विस्तृत प्रस्तुतिकरण में कोक ओवन बैटरी नंबर 11, ब्लास्ट फर्नेस नंबर 8, एसएमएस व यूआरएम जल प्रबंधन आदि इकाइयों के माध्यम से बीएसपी द्वारा की गई विभिन्न पहलों पर प्रकाश डाला। प्रबंधक फिलोमिना एक्का ने पर्यावरण संरक्षण पुष्पेंद्र सिंह ने बीएसपी की कार्बन फुटप्रिंट व कनिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार पांडे ने संबोधित किया।

**समस्या:** यूनियनों ने कहा- आउटसोर्स से निजीकरण की ओर अग्रसर प्लांट

# भिलाई संयंत्र में तेजी से रिटायर हो रहे टेक्नोक्रेट व टेक्निशियन, प्रबंधन उदासीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल की सबसे बड़ी यूनिट भिलाई इस्पात संयंत्र में निरंतर कम हो रहे मेन पावर मेन पावर की समस्या कार्यरत कर्मचारियों और ठेका मजदूरों सहित प्लांट पर भी भारी पड़ रहा है। खासकर एक के बाद एक अनुभवी टेक्नोक्रेट और टेक्निशियनों सहित अनुभवी कर्मियों के रिटायर होने से चौतरफा समस्याएं बढ़ रही हैं। इस मामले में उच्च प्रबंधन उदासीन बने हुए हैं।

उल्लेखनीय है कि बीएसपी में पिछले कई साल से कर्मचारी अधिकारी तेजी से सेवानिवृत्त हो रहे हैं लेकिन भर्ती नगण्य बनी हुई है। इससे वर्क्स और नान वर्क्स एरिया के कार्यों को समयसीमा और गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने की चुनौतियां बढ़ती जा रही हैं। उत्पादन, निष्पादन, मेंटेनेंस, हाउसकीपिंग से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य,खेल और सांस्कृतिक आदि गतिविधियां पर भी इसका प्रभाव पड़ रहा है। निरंतर मेन पावर कम होने से कार्यरत नियमित कर्मियों और अधिकारियों तथा ठेका मजदूरों पर पर वर्कलोड बढ़ रहा है। यूनियनों के मुताबिक पांच मिलिटन टन उत्पादन व निष्पादन तथा सेवा कार्यों के लिए वांछित मेन पावर नहीं होने से कई तरह की जटिलताएं बढ़ रही हैं। आगे यह असंतुलन तेजी से बढ़ता जाएगा जिसका,जो सरकार के लिए निजीकरण के विकल्प के रुप में सामने आएगा। क्योंकि पहले ही बीएसपी को आउटसोर्सिंग बढ़ने से टुकड़े टुकड़े में धीरे धीरे बीएसपी निजीकरण की ओर बढ़ रहा है। पिछले चार दशकों में मेनपावर मात्र एक चौथाई रह गया है।

### कैसे होगा उत्पादन का लक्ष्य पूरा और एक्सपांशन प्रोजेक्ट



### पैंसठ हजार से सिर्फ 15 हजार में सिमटा मेनपावर

बीएसपी में चालीस साल पूर्व 1980 से 85 के दौरान 56 हजार कर्मचारी अधिकारी काम करते थे। इसके बाद स्वाभाविक प्रक्रियागत सेवानिवृत्ति और फिर 90 के दशक में आर्थिक उदारीकरण के साथ सेल में चरणबद्ध वीआर स्कीम (स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ) के दौरान बड़ी तादाद में कार्मिक रिटायर होते गए। पिछले एक दशक से हर महीने औसत सौ कर्मी अधिकारी रिटायर हो रहे हैं। नवंबर 2024 में ही सौ से अधिक कर्मचार अधिकारी रिटायर हुए। वर्तमान में मात्र 15 हजार कर्मी अधिकारी ही बचे हैं। जबकि ठेका मजदूरों की तादा बढ़कर 24 हजार जा पहुंची है। यूनियनों व अधिकारी संगठनों के मुताबिक सेवानिवृत्त होने वालों में प्लांट की टेक्नीक, बारीकियों, प्रबंधन व प्रशासनिक अनुभव रखने वाले कई टेक्नोक्रेट व कुशल टेक्निशियनों और कर्मठ कर्मियों के शामिल होने से एक बड़ा वैक्यूम आता जा रहा है। पिछल दो साल में ही कई कार्यपाल निदेशक, जीएम व सीजीएम डीजीम रिटायर हो चुके है, जो 5 मिलियन टन के सफर व पिछले एक्सापंशन प्रोजोक्ट पूर्ण होने तथा प्रस्तावित एक्सपांशन की योजना बनाने में योगदान दिए थे। मेन पावर कम होने से अब प्रस्तावित प्रोजेक्ट सहित 7 मिलिनयन टन लक्ष्य सहित कई रुटीन कार्य प्रभावित हो रहे हैं। भर्ती नगण्य भी नगण्य है।

### वर्कलोड के साथ सेवा, सुविधा पर प्रभाव

बीएसपी में कर्मियों व अधिकारियों के लगातार रिटायर होने व भर्ती नहीं होने से मौजूदा कार्मिकों व अफसरों पर वर्कलोड बढ़ रहा है। कई प्लांट में मिलों, शाप्स के कई विभागों, अनुभागों में गिनती के कर्मचारी बचे हैं। वहीं कई में ठेका मजदूर कर्मचारी की भूमिका में हैं। मजदूरों पर कर्मियों से ज्याद काम का दबाव बढ़ रहा है। दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। वहीं नान वर्क्स एरिया में शिक्षा विभाग यानी स्कूल व सेक्टर नौ हास्पिटल तथा सेक्टरों के हेल्थ सेंटरों में सेवाओं पर बुरी तरह असर पड़ रहा है। शिक्षकों की कमी से बीएसपी स्कूल 86 से मात्र 14 बच रहे गए हैं और जेएलएन हास्पिटल में डाक्टरों व पेरामेडिकल स्टाफ की कमी से पिछले बीस साल में चिकित्सा सेवा के स्तर में गिरावट आ रही है। कुछ डाक्टर आउटसोर्स पर हैं। दर्जनभर विशेषज्ञ नहीं हैं। सेक्टर 1 कैंसर अस्पताल बंदप्राय है।

# लीव कांबिनेशन की बाध्यता से कर्मचारियों को नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ अधिकारियों व कर्मियों के बीच भेदभाव से असंतोष

भिलाई इस्पात संयंत्र में लीव इन्कैशमेंट की बाध्यता कर्मचारियों पर भारी पड़ रही है। कर्मचारी आनलाइन लीव नहीं भर पा रहे हैं । इस तकनीकी दिक्कतों के कारण उन्हें इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। यूनियन ने छुट्टी नकदीकरण की बाध्यता हटाने की मांग प्रबंधन से की है। बीएसपी वर्कर्स यूनियन का प्रतिनिधि मंडल मुख्य महाप्रबंधक से मिलकर कर्मचारियों को छुट्टी लेने के मामले में आ रही तकनीकी दिक्कतों से अवकत कराया। मांग की कि कर्मचारियों को छुट्टी देने के मामले में प्रबंधन ने बहुत से किंतु परंतु लगाकर रखा गया है। इसके चलते कर्मचारी परेशान हो रहा हैं । कर्मचारी के पास छुट्टी होने के बाद भी उसे एफएल भरना पड़ता है । लीव कांबिनेशन में इसके साथ कई पेंचीदा नियम है। इस कारण कर्मचारी ऑनलाइन लीव नहीं भर पाते हैं। एचआरआईएस से संपर्क करने पर पता चलता है कि इस प्रकार का लीव कांबिनेशन परमीसिबल ही नहीं है । आपको दूसरे प्रकार का लीव भरना होगा । वर्तमान में कुल 21 प्रकार के लीव कांबिनेशन बना के रखा गया है, जिसे आप नहीं ले सकते । लीव कांबिनेशन से प्रबंधन को किसी तरह का कोई फायदा मिल रहा है।

### कम हो गई हैं छुट्टियां

संयंत्र में सेल लीव रूल वाले कर्मचारी अब गिनती के ही बचे हैं । स्टैंडिंग आर्डर प्लांट से शासित होने वाले कर्मचारी ही अब अपनी सेवाएं संयंत्र में दे रहे हैं । स्टैंडिंग आर्डर प्लांट के तहत कर्मचारियों की मिलने वाली छुट्टी पहले ही बहुत ज्यादा सीमित किया जा चुकी हैं। प्रतिवर्ष मात्र 7 सीएल तथा 5 एफएल ही मिलता है । इसके बाद भी इनके उन्हें एक लीव कॉम्बिनेशन थमा दिया गया है । बीडब्ल्यू के अध्यक्ष उज्ज्वल दत्ता ने कहा कि इस नियम को बदलने की जरुरत है। लीव कांबिनेशन की बाध्यता को तत्काल ही हटाया जाना चाहिए।

### छुट्टियों में भी हो समानता

यूनियन के मुताकि अधिकारियों और कर्मचारियों को मिलने वाली छुट्टियों में असमानता है । एकरूपता की आवश्यकता है । प्रतिवर्ष मिलने वाली ईएल की गणना हो और सीएल हो या ईएल नगदीकरण हो या संचित ईएल या एचपीएल हो सभी में एकरूपता लाएं। ताकि कर्मियों में असंतोष कम हो। मुख्य महाप्रबंधक ने सभी प्रकार के लीव कांबिनेशन की समीक्षा करने का आश्वासन दिया है। इसके लिए ही एचआईआरएस को निर्देशित किया । यूनियन के अध्यक्ष उज्ज्वल दत्ता , शिव बहादुर सिंह, दिलेश्वर राव, मनोज डडसेना, सुरेश सिंह, अमित बर्मन शामिल थे।

## आईजी ने बैठक में कहा, लंबित प्रकरणों का निराकरण जल्द हो



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ सशक्त ऐप के उपयोग को लेकर निर्देश

आईजी राम गोपाल गर्ग ने बुधवार को रेंज स्तरीय ऑनलाइन बैठक लिया। रेंज के सभी थानों और चौकियों में लंबित अपराधों के प्रकरणों की समीक्षा किया। 1 वर्ष से लंबित और अपराधियों पर कार्रवाई करने की सख्त हिदायत दिया है। उन्होंने रेंज के सभी पुराने पेंडिंग मामलों की विस्तार से मीटिंग में जांच कर, पेंडिंग होने का कारण पूछ कर निकालने का निर्देश दिया। ई साक्ष्य एप का उपयोग कर चालान पेश करते समय ई-साक्ष्य एप का प्रोफार्मा के अनुसार सटीक उपयोग करने पर जोर दिया। चोरी हुए वाहनों का डेटा सशक्त एप के माध्यम से उपयोग कर प्रतिदिन अभियान चलाने कहा है। साइबर पोर्टल पर मिलने वाले शिकायतों का शीघ्र निपटारा करने और अनफ्रिज अमाउंट रिकवरी के लिए समन्वय पोर्टल के माध्यम से रिकवेस्ट कर समाधान करने को कहा गया है। सभी थाना प्रभारियों को सीसीटीएनएस में डाटा रेगुलरी अपडेटेड करने तथा बेल जम्प प्रकरणों में अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी करने को कहा है। बैठक में एसपी जितेन्द्र शुक्ला, बालोद एसपी एस.आर. भगत, बेमेतरा एसपी राम कृष्ण साहू समेत एएसपी सुखनंदन राठौर, सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी, हरीश पाटिल , डीएसपी शिल्पा साहू, क्राइम टीआई तापेश्वर नेताम, उप निरीक्षक राज कुमार प्रधान, सीसीटीएनएस नोडल अधिकारी डॉ. संकल्प राय समेत अन्य मौजूद थे।

### बीएसपी अंतर विभागीय टेनिस स्पर्धा उन्नीस से

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा अंतर विभागीय टेनिस प्रतियोगिता (पुरुष) का आयोजन 19 से 21 दिसंबर तक टेनिस कॉम्पलेक्स, सिविक सेंटर में किया जाएगा। प्रतियोगिता में बीएसपी के सभी नियमित कर्मचारी भाग ले सकते हैं। विगत तीन वर्षों में सीनियर नेशनल टेनिस प्रतियोगिता में बीएसप का प्रतिनिधित्व करने वाले और राष्ट्रीय वरियता प्राप्त खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेने के पात्र नहीं होंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रविष्टि जमा करने की अंतिम तिथि 17 दिसंबर है। प्रविष्टि अपने विभाग प्रमुख के माध्यम से क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग के कार्यालय, बोकारो हस्टल, सेक्टर–4 में कार्यालयीन समय के दौरान भेंजें।जानकारी के लिए राजेश पाटिल व बीएल मौर्य से संपर्क करें।

# अब उप पंजीयक कार्यालय में ही होगी रजिस्ट्री दूसरे पर देनी होगी चौबीस गुना महंगी फीस

## एक ही तिथि में मुख्य मार्ग की जमीन को टुकडे में नहीं बेच पाएंगे

राहुल शर्मा ▶▶| दुर्ग



राज्य शासन के राजस्व महकमा द्वारा सरकारी खजाने को भरने एक और नया फैसला लागू किया गया हैं। जिसमें अब जिस पक्षकार की जहां जमीन होगी, उसी उप पंजीयक कार्यालय में रजिस्ट्री होगी। लेकिन अगर इसके बाद भी पक्षकार दूसरे उप पंजीयक कार्यालय में रजिस्ट्री कराएंगे तो उन्हें एक हजार के बजाय चौबीस गुणा यानि 25 हजार रूपए की फीस कार्यालय के खजाने में जमा करनी होगी। इस फरमान के लागू होने के बाद जमीन से जुडे लोगों में हडकंप की स्थिति निर्मित हो गई हैं।

इस नियम को लागू करने का सबसे बडा कारण बताया जा रहा है

■ राज्य शासन ने निकाला हल, पहले ही जमा कराएंगी शुल्क

कि, अमूमन देखा गया है कि, एक ही जमीन जो मुख्य मार्ग सडक से लगा हुआ रहता हैं। उसे टुकडों में बेचने का प्रयास करते हैं। एक ही जमीन को दो अलग-अलग उप पंजीयक कार्यालय में बडी चालाकी से एक ही तिथि में रजिस्ट्री कराते थे। जिससे मुख्य मार्ग के लिए अधिक स्टांप शुल्क था, जबकि अंदर मार्ग के लिए कम शुल्क लगता हैं। इसी शुल्क से बचने कई रसूखदार शासन के खजाने को सेंध लगा रहे थे। इस गडबडी को रोकने राज्य शासन ने ऐसे चालबाजो पर बडा हथियार मारा हैं। इस नए पहल के बाद चाहे कही भी रजिस्ट्री कराए शासन नुकसान की राशि को निर्धारित फीस के जरिए पहले ही वसूल कर लेगी। राज्य शासन ने देखा कि, इससे उन्हें नुकसान हो रहा है। यही कारण हैं कि, अब अगर दूसरे उप पंजीयक कार्यालय में रजिस्ट्री कराएंगे तो 25 हजार रूपए पहले गिननी होगी। पहले यह राशि एक हजार ही था। विगत दो दिसंबर को जारी अधिसूचना में राज्य शासन द्वारा फैसला लिया गया था, जिसमें घर बैठे रजिस्ट्री कराने पर 25 हजार और तत्काल रजिस्ट्री कराने के लिए 15 हजार शुल्क निर्धारित किया गया हैं।

### जरुरतमंद के लिए था नियम

पूर्व में यह नियम ऐसे लोगों के लिए बनाए गए थे, जो शारीरिक रूप से बीमार हो और दूर का सफर तय नही कर सकते थे। उनसे सिर्फ एक हजार की फीस लेकर जिले के किसी भी उप पंजीयक कार्यालय में रजिस्ट्री कर दी जाती थी। यह सहुलियत के तौर पर था। लेकिन इसका फायदा उठाकर जमीन दलाल और रसूखदार शासन के खजाने को चोट पहुंचाकर चूना लगा रहे थे। दुर्ग जिला पंजीयक प्रियंका श्रीरंगे ने बताया कि, अब जो ज्यादा जरूरतमंद होगें, उन्हें शुल्क अदा करनी ही होगी।

### अधिसूचना भी कर दिया गया जारी

राज्य शासन इस आशय का अधिसूचना भी जारी कर दिया गया हैं। जिसके बाद विगत सोमवार से यह नियम लागू हो गया हैं। जारी अधिसूचना में अनुच्छेद सात के कंडिका क में उल्लेख किया गया हैं कि, रजिस्ट्रार द्वारा किसी भी दस्तावेज के रजिस्ट्रीकरण के लिए अतिरिक्त शुल्क लेगी। लेकिन इसे लेकर जमीन से जुडे लोगों का कहना है कि, यह आदेश पर्याप्त और स्पष्ट नही हैं। लेकिन कंडिका में निर्धारित निर्देश ही नए नियम का आधार हैं। जानकारों की माने तो उप पंजीयक से अलग रजिस्ट्री कराने का प्रकरण प्रदेशभर में चल रहा था। जिसमें बलरामपुर, अंबिकापुर, रायपुर, दुर्ग, धमतरी सहित बिलासपुर भी शामिल हैं।

### निर्देश मिले

"आपकी जानकारी सही हैं। राज्य शासन द्वारा सभी जिला पंजीयक के अधिकार क्षेत्र के तहत धारा 30 का उपयोग कर शुल्क एक हजार से 25 हजार कर दिया गया हैं।

**विरेन्द्र सिंह**
अध्यक्ष, छग पंजीयक मुद्रांक संघ

**22 कोच के साथ चलेगी यह ट्रेन**

# महाकुंभ के लिए दुर्ग कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रेलवे प्रयागराज महाकुंभ के दौरान संगम में स्नान करने के लिए प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए स्पेशल ट्रेन चला रही है। महाकुंभ के दौरान रेलवे के दौरान 3000 स्पेशल गाडियाँ सहित 13000 से अधिक रेल गाडियाँ चलायी जाएंगी । इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से तीन कुंभ मेला स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है । दुर्ग से भी स्पेशल ट्रेन प्रयागराज के लिए चलेगी। इससे दुर्ग संभाग से जाने वाले श्रृद्धालुओं को बड़ी सुविधा मिल जाएगी।



### दुर्ग वाराणसी कुंभ मेला स्पेशल

महाकुंभ मेले के दौरान ट्रेन में होने वाली अतिरिक्त भीड़-भाड़ के दौरान रेल यात्रियों को अधिक से अधिक कन्फर्म बर्थ/सीट की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा तीन कुंभ मेला स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है जो रायगढ़-वाराणसी, दुर्ग-वाराणसी एवं बिलासपुर-वाराणसी के मध्य तीन फेरे के लिए चलाई जा रही है । 08251/08252 रायगढ़-वाराणसी-रायगढ़ कुंभ मेला स्पेशल, 08791/08792 दुर्ग-वाराणसी-दुर्ग कुंभ मेला स्पेशल एवं 08253/08254 बिलासपुर-वाराणसी-बिलासपुर कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन व्हाया बिलासपुर, कटनी, प्रयागराज के मार्ग से चलाई जाएगी।

### पहली ट्रेन

08251/08252 रायगढ़-वाराणसी-रायगढ़ कुंभ मेला स्पेशल रायगढ़ से दिनांक 25 जनवरी, 2025 (शनिवार) को एवं वाराणसी से 27 जनवरी, 2025 (सोमवार) को रवाना होगी । इस स्पेशल ट्रेन में 02 एसएलआरडी, 04 सामान्य, 14 स्लीपर, 01एसी टूयर, 01 एसी थ्री सहित कुल 22 कोच के

### दूसरी ट्रेन

08791/08792 दुर्ग-वाराणसी-दुर्ग कुंभ मेला स्पेशल, दुर्ग से दिनांक 08 फरवरी, 2025 (शनिवार) को एवं वाराणसी से 10 फरवरी, 2025 (सोमवार) को रवाना होगी । इस स्पेशल ट्रेन में 02 एसएलआरडी, 04 सामान्य, 14 स्लीपर, 01एसी टूयर, 01 एसी थ्री सहित कुल 22 कोच के साथ चलेगी ।

### तीसरी ट्रेन

08253/08254 बिलासपुर-वाराणसी-बिलासपुर कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन, बिलासपुर से 22 फरवरी, 2025 (शनिवार) को एवं वाराणसी से दिनांक 24 फरवरी, 2025 (सोमवार) को रवाना होगी । इस स्पेशल ट्रेन में 02 एसएलआरडी, 04 सामान्य, 14 स्लीपर, 01एसी टूयर, 01 एसी थ्री सहित कुल 22 कोच के साथ चलेगी।

04

सर्दी का जलवा

## लाइव इवेंट

### प्राचार्य पद पर पदोन्नति को लेकर विधानसभा अध्यक्ष से चर्चा, रिक्त पदों की दी जानकारी



**भिलाई।** स्कूल शिक्षा विभाग में विगत 10 वर्षों से लंबित प्राचार्य एवं व्याख्याता के पदों पर पदोन्नति की मांग को लेकर प्राचार्य, व्याख्याता पदोन्नति फोरम का प्रतिनिधि मंडल विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मिला। इस दौरान उन्हें अवगत कराया गया कि स्कूल शिक्षा विभाग में प्राचार्य के स्वीकृत 4783 पद में 3576 पद रिक्त हैं। व्याख्याता के स्वीकृत 40806 पद में 8203 पद रिक्त हैं। विभाग में विगत दस वर्षों से प्राचार्य एवं आठ वर्षों वर्षों से व्याख्याता पद की पदोन्नति नहीं होने के कारण प्रदेश के 80 प्रतिशत विद्यालय प्राचार्य विहीन हैं, जिसके कारण शिक्षा गुणवत्ता एवं स्कूल प्रशासन प्रभावित हो रहा है। प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि 2024 के बजट सत्र में 16 फरवरी को विधानसभा की कार्रवाई के दौरान तत्कालीन शिक्षामंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने 6 माह में पदोन्नति करने की घोषणा की थी, जिसकी समय सीमा 16 अगस्त को समाप्त होने के बाबजूद स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव एवं संचालक यह बता पाने की स्थिति में नहीं है कि प्राचार्य के पदोन्नति आदेश कब तक जारी हो पाएंगे। बृजमोहन अग्रवाल के मंत्री पद छोड़ने के बाद विगत पांच माह से स्कूल शिक्षा विभाग प्रदेश के मुख्यमंत्री के अधीन है। प्रतिनिधि मंडल ने आगामी शीतकालीन विधान सभा सत्र में प्राचार्य पदोन्नति को लेकर कई विधायकों द्वारा लगाए गए विधान प्रश्न पर चर्चा करने की मांग भी की गई। उन्हें अवगत कराया गया कि 17 दिसंबर को प्रदर्शन की तैयारी है।

## सिटी इवेंट

### घर-घर गीता पाठ और स्लोगन पहुंचाने का यदुवंशियों ने लिया संकल्प



**दुर्ग।** श्री कृष्णा भगवान मंदिर अहीर समाज रायपुरा ट्रस्ट बुधवार को गीता जयंती मनाई। आमदी वार्ड गहिरा गुरुधाम स्थित यादव सांस्कृतिक भवन में श्रीमद् भागवत गीता जयंती भगवान कृष्ण के उद्घोषित शब्दों को बखान किया गया। इस अवसर पर यदुवंशियों ने तय किया कि अपने बच्चों व हर सनातनियों के घर-घर में गीता पाठ के स्लोगन को पहुंचाया जाएगा। इसका संकल्प लिया। इस अवसर पर ट्रस्ट द्वारा निशुल्क श्रीमद्भागवत का वितरण कर राधा-कृष्ण पितांबरी गमछा का वितरण किया गया। विधि विधान से भगवान कृष्ण की पूजा अर्चना की गई। फल, मेवा, मिष्ठान, मिश्री, ऋतु फल अर्पण किए गए। कार्यक्रम में ट्रस्ट की अध्यक्ष करूणा यादव, सचिव निशा यादव, कोषाध्यक्ष वर्षा रितु यादव, प्रभा यादव, सरस्वती यादव, मीना यादव, लीला यादव, त्रिवेणी यादव, मंजूषा यादव, हिमांशी यादव प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## सिटी इवेंट

### श्रद्धानंद बलिदान दिवस का उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा को आमंत्रण, 27 को आयोजन



**दुर्ग।** आर्य समाज एवं छत्तीसगढ़ प्रांतीय आर्य प्रतिनिधि सभा के संयुक्त तत्वावधान में आर्य नगर में युवाओं के लिए चरित्र निर्माण एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में अरुण आर्यवीर मुंबई प्रशिक्षण दे रहे हैं। आर्य समाज के प्रतिनिधि मंडल ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से मुलाकात की। उन्हें 27 दिसंबर को आयोजित होने वाले स्वामी श्रद्धानंद बलिदान दिवस का निमंत्रण सौंपा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी श्रद्धानंद हिंदू समाज के पुनर्जागरण में लगे हुए थे। हम सब की भी आदर्श हैं। इस कार्यक्रम में हम सब शामिल होंगे। इधर आर्य समाज के प्रमुख पदाधिकारियों ने आर्य नगर में बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा तय की। पदाधिकारी ने बताया कि वह हिंदू एकता यात्रा का शहर में आयोजन करेंगे। हिंदू समाज की मूल अवधारणा मानती है कि व्यक्ति ईश्वर की संतान है उच्च नीच या किसी भी प्रकार का भेदभाव करना सही नहीं है। महर्षि दयानंद सरस्वती कहते थे मनुष्य जन्म से नहीं कर्म से महान होता है। अवनी भूषण पुरंग, रवि आर्य ने कहा कि इस शिविर के माध्यम से हम दुर्ग संभाग के युवाओं को धर्म रक्षा के मूल मंत्र सिखाएंगे एवं उन्हें योग, लाठी, आसन आदि का प्रशिक्षण देंगे। इस अवसर पर आचार्य डॉ. अजय आर्य, मनोज ठाकरे, इंद्र कुमार आर्य, कृष्णमूर्ति आर्य, हिमांशु आर्य, तुषार आर्य, कैलाश महाजन आदि उपस्थित थे।

● छत्तीसगढ़ पीयूसीएल ने की आवाज बुलंद, सामाजिक कार्यकर्ता, अधिवक्ता, स्टूडेंट्स हुए शामिल

# ऐसा मानव अधिकार जिसमें न बोलने का अधिकार, न लिखने और न ही आलोचना का अधिकार, धर्म पर भी कसा जा रहा शिकंजा

छत्तीसगढ़ पीयूसीएल ( मानवाधिकार संगठन) ने अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर सम्मेलन का आयोजन किया। इसमें अधिवक्ता, सामाजिक कार्यकर्ता, महिला संगठन, छात्र संगठन के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए। वक्ताओं ने इस अवसर पर खुलकर अपने विचार रखे। उन्होंने मानव अधिकारों के हो रहे उल्लंघन को लेकर चिंता जाहिर की। वक्ताओं ने कहा कि बोलने कि आजादी, लिखने की आजादी, आलोचना की आजादी, हक मांगने की आजादी पर लगाम लगाया जा रहा है। हर किसी को किसी भी धर्म को मानने की आजादी हमारा संविधान देता है, पर आज उस पर भी शिकंजा कसा जा रहा है। खुलकर मानव के अधिकारियों को कुचला जा रहा है, इस पर वक्ताओं ने अपने विचार रखे। साथ ही घड़ी चौक सुपेला में एकत्रित होकर विरोध दर्ज कराया।




**भिलाई।** घड़ी चौक सुपेला में एक अनोखा आयोजन हुआ। इसमें मानवों के अधिकारों के हो रहे उल्लंघन को लेकर खुलकर मंथन किया गया। प्रबुद्धजनों ने अपने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि मजदूरो को 8 घंटे से अधिक काम कराया जा रहा है। न्यूनतम वेतन न देना पड़े, इसके लिए ढेरों जतन किया जा रहा है। समाज के अंदर सामाजिक बहिष्कार जैसी कुप्रथा आज भी चलन में है। हसदेव से लेकर बस्तर तक जल-जंगल-जमीन को बचाने के लिए लोग संघर्ष कर रहे हैं। वे पुलिया दमन का शिकार हो रहे हैं। सरकार से मांग करना धरना, जुलूस करना मानव अधिकार का हिस्सा है, लेकिन वर्तमान में मानवाधिकार सरकार के लिए सरकार विरोधी या फिर देशद्रोह लगता है, जो बेहद ही चिंता का विषय है। बोलने की आजादी हो चाहे आलोलना की, इसे नियंत्रित करने के लिए ब्यूरोक्रेट्स दबाव की राजनीति करते हैं। शासन में बैठे नुमाइंदे चुप्पी साधे रहते हैं। इस दौरान बलौदाबाजार और जशपुर की घटना पर चर्चा की गई।

आरंग में हुई घटना की भी निंदा की गई। शाम करीब 4 बजे सभी स्वर्गीय चंदूलाल चंद्राकर के स्टेच्यू के पास तख्ती लेकर एकत्रित हुए। जहां सामूहिक रूप से ऐसे विषयों को लेकर संघर्ष करने का प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही मानव हित में काम करने वाली संस्थाओं को साथ लेकर काम किए जाने का निर्णय लिया गया।

### निर्देषों को रिहा करने और ग्रामसभा के फर्जी निर्णय रद्द करने मांग

इस अवसर पर वक्ताओं ने छत्तीसगढ़ के बस्तर, सरगुजा में खनिज संसाधनों की लूट के लिए किए जा रहे विस्थापन, फर्जी मुठभेड़, फर्जी केस, फर्जी एन्काउन्टर, यौन हिंसा को लेकर अपने विचार रखे। गिरफ्तार किए गए सुनीता पोट्टाम, सरजू टेकाम, जी सलाम सहित सभी की निशर्त रिहाई की मांग की गई। साथ ही ग्रामसभा के फर्जी निर्णयों को सार्वजनिक किए जाने की मांग की गई। धर्म और जाति के नाम पर चलाए जा रहे साम्प्रदायिक दंगों पर रोक लगाई की भी मांग की गई।

### हसदेव के जंगल को उजाड़ना बंद किया जाए

इस अवसर पर हसदेव के जंगल को काटने पर रोक लगाने की मांग की गई। श्रमिकों के नियमितीकरण, ट्रेड यूनियन बनाने के अधिकार लागू करने, मूल निवासी बचाओ मंच पर लगे प्रतिबंध को हटाने, बलोदाबाजार में अग्निकांड में गिरफ्तार निर्दोषों को छोड़ने, बीएसपी में नियमित मजदूरों की भर्ती, किसानों के हित में समर्थन मूल्य गारंटी जैसे अन्य विषयों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर लाखन सुबोध, विरेंदर सतनाम, अजय अनंत, बसंत साहू, महेश साहू, दीपक साहू, कल्याण पटेल, लक्ष्मण पटेल, तुहीन देव, जय प्रकाश नायर सहित अन्य मौजूद थे।







# राष्ट्रकवि सुब्रमण्यम की जयंती देश में भारतीय भाषा उत्सव के रूप में मनाई जा रही : अग्रवाल

**दुर्ग।** भारती विश्वविद्यालय में राष्ट्रकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती पर बुधवार को भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशेष व्याख्यान प्रोफेसर डॉ. आरपी अग्रवाल ने दिया। वे कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य रह चुके हैं। वे रासेयो कार्यक्रम समन्वयक हेमचंद विश्वविद्यालय रहे। विजिटिंग प्रोफेसर भारती विश्वविद्यालय के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने राष्ट्रकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती को भारतीय भाषा दिवस के रूप में घोषित किया है। इस उपलक्ष में देश भर में शैक्षणिक संस्थाओं समेत अन्य प्रतिष्ठानों में भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न आयोजन किए जाते हैं। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 में विशेष तौर पर भारतीय भाषाओं को अधिक से अधिक शिक्षा का माध्यम बनाए जाने के साथ ही आम व्यवहार में भारतीय भाषाओं के प्रति सम्मान का भाव विकसित करने पर बल दिया गया है। छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. स्वाति पांडे ने मातृभाषा के मानव के शैक्षणिक विकास में महत्व पर विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत किया साथ ही उन्होंने भारतीय भाषाई विविधता को भारतीय संस्कृति की अक्षुण्ण एवं अद्वितीय उपलब्धि बताया तथा हमारे देश में भाषाई विविधता के संरक्षण एवं संवर्धन की महत्ता को स्पष्ट किया।



### प्रतियोगिताओं का भी आयोजन, प्रतिभागी पुरस्कृत

मातृभाषा मेरा गौरव विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम पायल साहू, डीएलएड प्रथम वर्ष तथा द्वितीय किरण गोस्वामी, डीएलएड द्वितीय वर्ष ने अर्जित किया। आयोजन में प्राध्यापकगण डॉ. मंजू साहू, डॉ. विद्यावती चंद्राकर, हेमलता चंद्राकर, दुर्गा श्रीवास्तव, नीलम त्रेहान, अखिलेश सेन, डॉ. स्नेह कुमार मेश्राम उपस्थित थे।

# अंडर-23 के ट्रायल में 325 खिलाड़ियों ने लिया भाग, 64 का चयन, 14 से मैच

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर 23 वर्ग की चयन स्पर्धा में छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों से 325 से ज्यादा खिलाड़ियों ने ट्रायल दिया। मंगलवार को बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर 10 में जशपुर, कोरिया, बिलासपुर एवं राजनांदगांव के करीब 75 खिलाड़ियों ने भाग लिया। बता दें कि इन खिलाड़ियों में से 64 खिलाड़ियों का चयन होगा। 16-16 के ग्रुप में वे 14 दिसंबर से मैच खेलेंगे। इसके आधार पर 30 खिलाड़ियों का चयन होगा, उन्हें कैम्प में जगह दी जाएगी। कैम्प में प्रशिक्षण के बाद 16 खिलाड़ियों का फाइनली चयन होगा, जो छत्तीसगढ़ अंडर-23 क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। 2025 में होने वाले राष्ट्रीय स्तर के मैचों में भाग लेंगे। मंगलवार को हुए ट्रायल में चयनकर्ता एचपी सिंह, राजेश सिंह परिहार, साई कुमार एवं वी मोहन दास, कोऑर्डिनेटर सचिन टांक प्रमुख रूप से मौजूद थे।



## हेलो फ्रैंड ब्राह्मणण सखियों ने 125 थालियों और 125 थैलों का किया दान

### कार्नर न्यूज

# प्रयागराज कुंभ में न फैले कचरा, इसके लिए स्टील की थाली और थैलों का किया जा रहा दान

**भिलाई।** प्रयागराज उत्तर प्रदेश में शुरू हो रहे महाकुंभ को लेकर दुर्ग-भिलाई में भी खासी चर्चा है। जाने वाले भक्त लगातार अलग-अलग माध्यमों से टिकटों की बुकिंग करा रहे हैं। इस बीच तय किया गया है कि महाकुंभ में कचरा न फैले, इसके लिए प्लास्टिक के उत्पादों का बहिष्कार कियाा जाए। बर्तन और थैलों का इस्तेमाल किया जाए। इसके लिए 10 हजार से ज्यादा स्टील की थाली और थैले दुर्ग जिले के महाकुंभ भेजा जा रहा है। सामाजिक स्तर पर लोगों के सहयोग लिया जा रहा है। इसी तारतम्य में हेलो फ्रेंड ब्राह्मण सखियों ने हरित कुंभ एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन जागरण के दृष्ट्कोण से 125 थाली एवं 125 थैले का दान दिया गया। इस अभियान में समूह की मातृशक्तियों एवं समूह की अध्यक्ष सुनीता तिवारी, अनुज नारद, अंजनी कुमार द्विवेदी उपस्थित रहे।



### राष्ट्रीय स्वयं सेवी संघ द्वारा चलाया जा रहा अभियान

बता दें कि राष्ट्रीय स्वयं सेवी संघ द्वारा इसे लेकर अभियान चलाया जा रहा है। इसमें संपूर्ण भारत से थैला और थाली दान के रूप में एकत्रित कर प्रयागराज कुम्भ मेला समिति को भेजे जा रहे हैं। यह थैला तीर्थ यात्रियों को प्लास्टिक का सामान, चिप्स के पैकेट, बिस्किट और पानी की बोतल आदि सामान रखने के लिए और स्टील की खंड वाली थालियां कुंभ मेले में भोजन व्यवस्था में उपयोग करने हेतु प्रदान की जा रही है। महाकुंभ में 75 देशों से आने वाले लगभग 40 करोड़ आगंतुक, भोजन व्यवस्था में केवल स्टील की थाली को उपयोग में लेंगे और किसी प्रकार का डिस्पोजेबल प्लेट दोना पत्तल का उपयोग नहीं करेंगे। लगभग 40 हजार टन होने वाले कचरे में से 20 हजार टन कचरे को कम किया जा सकेगा।

### बीजेपी चिकित्सा प्रकोष्ठ ने भी किया सहयोग

भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ भिलाई जिला के संयोजक डॉ. प्रदीप चौधरी ने 51 थैला और 51 थाली का दान किया। इसे भिलाई नगर संघ चालक रामजी साहू ने स्वीकार किया। संघ चालक रामजी साहू, नगर कारवां दीनबंधु, अजय ताम्रकार, डॉ, अनुज नारद, पलाश व रितेश उपस्थित थे।आप सभी से निवेदन है कि इस पर्यावरण संरक्षण गतिविधि में अपना भी अमूल्य योगदान प्रदान करें और इस कुंभ के आयोजन समिति को अपना सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि आगामी पवित्र महाकुंभ जो कि प्रयागराज में होने जा रहा है। इस महाकुंभ को हरित कुंभ बनाने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पर्यावरण संरक्षण गतिविधि द्वारा एक अभियान चलाया जा रहा है।जिसमें पूरे भारत से थैला और थाली दान के रूप में भेजे जा रहे हैं। समाज में उपस्थित सामाजिक संगठन एवं सेवा भाव से सहयोग करने वाले व्यक्ति संघ की शाखों के माध्यम से इस अभियान में भाग ले सकते हैं।



## सिटी इवेंट

### योग और मेडिटेशन निरोगी रखने में सबसे ज्यादा उपयोगी : कुलदीप



**भिलाई।** नवजीवन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा ट्रस्ट की शाखा भिलाई में एक मेडिटेशन और प्राकृतिक चिकित्सा का निशुल्क कैंप का आयोजन किया गया। इसमें कई लोगों ने कैंप में हिस्सा लिया। ट्रस्ट के संचालक योग गुरु कुलदीप महाराज ने बताया कि ध्यान, योग से और प्राकृतिक चिकित्सा से शारीरिक बीमारियों और मानसिक परेशानी को दूर किया जा सकता है। कैंप का उद्देश्य लोगों में प्राकृतिक चिकित्सा व मेडिटेशन के प्रति जागरूक करना है। इससे मनुष्य अपने मन को एकाग्र करके अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। उन्होंने बताया कि हमारी संस्था छत्तीसगढ़, हरियाणा , दिल्ली व देश में समय-समय पर प्राकृतिक चिकित्सा व मेडिटेशन कैंप लगाने का काम कर रही है। योगाचार्य कुलदीप योग साधना व प्राकृतिक चिकित्सा से विभिन्न बीमारियों का देश विदेश में निशुल्क उपचार करते हैं। शिविर में आये हुए लोगों को कई तरह कि चिकित्साओं की जानकारी दी गई। इसमें चुंबकीय, पत्थर, रब, रस, सुजोक, उपवास, पंचतत्व, मोक्सा, गंगाजल चिकित्सा, झरना, स्वर चिकित्सा और बहुत सी चिकित्साओं के बारे में बताया गया। कुलदीप महाराज ने कहा कि प्राकृतिक चिकित्सा व ध्यान योग को घर घर पहुंचाना है। टेंशन और बीमारियों को जड़ से मिटाना है। हर जगह सनातन का डंका बजाना है। भारत देश को विश्व गुरु बनाना है।

- नवजीवन चैरिटेबल ट्रस्ट ने लगाया प्राकृतिक चिकित्सा और मेडिटेशन कैम्प

## दिलीप परिसर कैलाश नगर में संकीर्तन के साथ विधि-विधान से हुए अनुष्ठान

# शहर की सुख, शांति व समृद्धि के लिए गीता महायज्ञ, कलश स्थापना के साथ 701 श्लोकों से परायण के साथ पूर्णाहुति

**भिलाई।** दिलीप परिसर कैलाश नगर में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी बुधवार को श्रीमद् भागवत गीता प्रचार संघ के तत्वावधान मे गीता महायज्ञ का आयोजन किया गया। शहर की सुख-समृद्धि के लिए आयोजित इस आयोजन में सुबह संकीर्तन का आयोजन हुआ। संकीर्तन करते हुए भक्त शिव मंदिर, दुर्गा माता मंदिर, जय हनुमान मंदिर होते हुए दिलीप परिसर पहुंचे। जहां ध्वजारोहण कर कलश स्थापित किया गया। गुन्नाराव और उषा रानी ने यह संस्कार संपन्न कराया। इसके साथ पूरे दिन अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इसमें 701 श्लोकों के साथ परायण संस्कार संपन्न कराया गया। विधि-विधान से अनुष्ठान के साथ पूर्णाहुति हुई। भगवान महाविष्णु के विश्व रुप का चित्र पट को पूजा अर्चना कर गीता महायज्ञ प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर संघ के केपी मुरहरी, एन रूकमंद राव, एन पापा राव, पी. त्रीनाथ पंडित, बी वेंकट राव, जी. धर्मा राव, पी. यादव राव, बी. जोगाराव, के. पोतय्या, ए. ईश्वर राव, एन. कृष्ण राव, बी. रामाराव, व्ही. सम्मुख राव, वाई. उपेन्द्र राव सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।





### विष्णु और ललिता नाम स्त्रोत्र से परायण संस्कार



इस अवसर पर18 अध्याय के 701 श्लोकों से पारायण शुरू हुआ। इसके बाद विष्णु सहस्त्र नाम स्रोत्र एवं ललिता सहस्त्र नाम स्रोत्र से पारायण करते हुए नगरवासियों की सुख समृद्ध एवं लोक कल्याण व सनातन धर्म की रक्षा के लिए श्रीमद् भागवत प्रचार संघ ने 18 वर्ष पूर्ण किए हैं। आयोजन में पुरुषों के अलावा बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुईं। उन्होंने भी आहूति डाली। इस अवसर परहरि ओम ललिता महिला मंडली की के. कामेश्वरी, टी. यशोदा, पुण्य वति, उमा, पद्मा करीबन 35 महिलाएएं उपस्थित थे।

### सुबह संकीर्तन का आयोजन

बुधवार की सुबह गीता महायज्ञ से पहले संकीर्तन का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। कैलाश नगर क्षेत्र के मंदिरों से होकर भक्त गुजरे। इस दौरान भगवान विष्णु के जयकारे लगाए गए। हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। महिला मंडलियों द्वारा भजन गाए गए। नगर भ्रमण के बाद सभी कार्यक्रम स्थल पहुंचे। जहां विधि-विधान से गीता महायज्ञ की शुरुआत की गई। सारे अनुष्ठान और संस्कार संपन्न कराए गए। आयोजकों ने बताया कि प्रतिवर्ष शहर की सुख-समृद्धि और निरोगी रखने के उद्देश्य से गीता महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।

### गीता का सार सुनकर मंत्रमुग्ध हुए भक्त

इस अवसर पर राम सेवा समिति केम्प-1, वृन्दानगर, राम मंदिर के वेन्कट रतनम्, नंदिनी, लश्मी, पुण्य वती, तेजा मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान एन. रूकमंद राव ने गीता प्रवचन किया। उन्होंने गीता का सार से उपस्थित लोगो को मंत्र मुग्ध किया। इसके बाद श्रीमद् भागवत प्रचार संघ द्वारा भजन का कार्यक्रम हुआ। आयोजन में गीता प्रचार संघ के अलावा हरिहोम ललिता महिला मंडली, राम सेवा समिति केम्प- 1 का योगदान रहा। संघ के अध्यक्ष पी मुरहरी ने बताया कि प्रतिवर्ष गीता महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की भव्यता को देखते हुए आगे भी और अधिक भव्य रूप से कार्यक्रम आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया है।

## धर्म लाइव

### असुर कुल के कीचड़ में प्रहलाद जैसा कमल खिला : शिवशंकर



**भिलाई।** अमलेश्वरडीह में भागवत महापुराण का आयोजन किया जा रहा है। कथा वाचक पं. शिवशंकर तिवारी ने बताया कि असुर कुल के कीचड़ में प्रहलाद जैसा कमल खिला। माता के गर्भ में प्रहलाद देवर्षि नारद द्वारा दिए नारायण के चरित्रों का श्रवण किया। इस कारण प्रभू के भक्ति में सदैव लीन रहे। भगवान विष्णु की भक्ति देखकर हिरण्यकश्यप ने बहुत प्रताड़ित किया, लेकिन विकट परिस्थितियों में भी भक्त प्रह्लाद भगवान नारायण का साथ नहीं छोड़ा। तभी तो प्रहलाद की भक्ति देखकर भगवान को नरसिंह रुप धारण कर हिरण्यकश्यप का वध किया। कथावाचक पं.शिवशंकर तिवारी ने कथा का वर्णन करते हुए कहा कि कश्यप ऋषि के पत्नी का नाम दीप्ति जिनके दो पुत्र हिरण्याक्ष तथा हिरण्यकश्यप हुए। हिरण्यकश्यप की पत्नी कयाधु जो भक्त प्रह्लाद की मां थी। बता दें कि प्रतिदिन कथा का वाचन किया जा रहा है। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्त शामिल हो रहे हैं।

- अमलेश्वरीडीह में श्रीमद् भागवत महापुराण का आयोजन

## पांच दिवसीय आयोजन

### बुरे विचारों से दूर रहने के लिए रात में अपने इष्टदेव का स्मरण कर सोएं : गोलछा





**दुर्ग।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के पांच दिवसीय रोवर रेंजर यूथ फोरम एवं आपदा प्रबंधन शिविर में राज्य उपाध्यक्ष राजेन्द्र गोलछा शामिल हुए। इस अवसर पर स्कार्फ बुके एवं रंगारग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। उन्होंने उज्वल भविष्य की कामना करते हुये भविष्य में स्काउट एवं गाइड रोवर रेंजर के प्रति सजगता जाहिर की। उन्होंने कहा कि सोने के पहले अपने इष्टदेव का स्मरण करके सोना चाहिए, ताकि बुरे विचारो से दूर रहें। रोवर-रेंजर के प्रति अपना विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि अच्छी विचारधारा अच्छी सोच, अच्छे कार्य के प्रति सजग रहें। देश के प्रति सच्ची सेवानिष्ठा रखें। कार्यक्रम में मुख्य आयुक्त राजनांदगांव महेश खंडेलवाल, विजय सिंह पवार, कुबेर देशमुख, जेआर वर्मा, कैशरीन बेग, सरस्वती गिरिया, हेमा चंद्रवंशी, कीर्तिलता देशमुख सहित अन्य इस दौरान मौजूद थे। इस अवसर प्रमुख वक्ताओं ने नीचे से उपर चढ़ने की सीढी का तरीका बताया। पूर्व राष्ट्रपति एपीजी अब्दुल कलाम का उदाहरण देते हुए राष्ट्रपति अवार्ड के लिए प्रेरित किया। बीएसपी स्कूल सेक्टर-4 में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बालक दास राऊत, अमिता हरमुख, बीएल साहू, पारस कुमार रात्रे, वीरेन्द्र यदु, देवेन्द्र देवांगन, अविनाश सहित अन्य मौजूद थे।

## लंगूरवीर मंदिर शनिचरी बाजार में हुआ आयोजन

### ड्राइंग प्रतियोगिता में बच्चों ने उकेरी प्रतिभा, मिला सम्मान





**दुर्ग।** गुरुकुल परिवार द्वारा बच्चों की कला को निखारने के लिए विगत 2 माह से निरंतर शहर के अलग अलग स्थानों पर ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में लंगूरवीर मंदिर मंदिर शनिचरी बाजार में ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 5 वर्ष से 18 वर्ष के सैकड़ों बच्चों ने भाग लिया। बच्चो ने अपने मन में चल रहे विचारों को कागज में उकेरने का काम किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आशीष शर्मा, मंदिर के मुख्य पुजारी अशोक त्रिपाठी, लाला सोनकर, मोनू पंडित, राहुल सोनकर, नरेंद्र सोनकर, शिवम् गुप्ता, संजय अग्रवाल, मेघा राठी, पूनम यादव, अनुज अग्रवाल, ममता टावरी सहित अन्य उपस्थित थे। सभी ने कार्यक्रम की बहुत प्रशंसा की एवं आगे भी ऐसा आयोजन हो इसकी आशा की कार्यक्रम प्रभारी गोपाल कृष्ण शर्मा ने बताया कि इस ड्राइंग प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चो की कला को निखारने के साथ साथ उनके मन में चल रहे भाव एवं विचारों को सामने लाना है। उन्होंने बताया कि ऐसा आयोजन आगामी दिनों भी गुरुकुल के माध्यम से चलता रहेगा।

## समाज इवेंट

### हरीश साहू को मिला बुद्ध नेशनल फेलोशिप अवार्ड



**भिलाई।** हरीश साहू को बुद्ध नेशनल फेलोशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया है। उन्होंने दिल्ली में यह सम्मान ग्रहण किया। इससे पहले उन्होंने इस विषय को लेकर दुर्ग कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी से भी मुलाकात की। हरीश समाजसेवी होने के साथ कराते प्रशिक्षक एवं कथा वाचक भी हैं। इस वर्ष का भगवान बुद्ध नेशनल फेलोसिप अवार्ड के लिए भारतीय दलित साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष जीआर बंजारे की अनुशंसा पर उन्हें यह सम्मान मिला। प्रांताध्यक्ष ने बताया कि दिल्ली के पंचशील आश्रम झरौड़ा गांव (बुराड़ी के पास ) में भारतीय दलित साहित्य अकादमी के 40 वें राष्ट्रीय दलित साहित्यकार सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें देश के सभी राज्यों के सभी भाषाओं के दलितोथान में जुटे दलित साहित्यकार, पत्रकार, लेखक, संपादक, लोक कलाकार, समाजसेवी आदि ने भाग लिया। छत्तीसगढ़ से 18 विशिष्ट प्रतिभाएं जिसमें हरीश साहू के अलावा रामकुमार साहू, रायपुर से डॉ. वेदलाल साहू, रीना साहू, रविकुमार साहू, शंकरलाल साहू, रमेश कुमार साहू, राजकुमारी साहू, बलौदाबाजार से महादेव प्रसाद जायसवाल, योगेश्वर साहू, तुलसी प्रसाद साहू, विनोद कुमार चेलक, चंद्रशेखर सांडे, कन्हैया लाल सोनवानी, मनोज कुमार जातगर, पुनिदास अजगले, सारंगढ़ बिलाईगढ़ से पवन कुमार साहू शामिल थे।

## भजन संध्या सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

# दत्तात्रेय जयंती के साथ साई महोत्सव का आगाज

## आज, 14 दिसंबर को नगर भ्रमण को निकलेगी पालकी

### कार्नर न्यूज



**दुर्ग।** सिविल लाइन कसारीडीह स्थित साई मंदिर का वार्षिक महोत्सव 12 दिसंबर से शुरू हो रहा है। तीन दिवसीय इस महोत्सव का आयोजन 14 दिसंबर तक होना है। 48 वें वार्षिक महोत्सव में रंगारंग छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम और भजनों की प्रस्तुति का कार्यक्रम होगा। इसके अलावा महिलाओं और बच्चों के लिए आकर्षक प्रतियोगिताएं होंगी। छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोक कलाकार पुराणिक साहू द्वारा निर्देशित लहरगंगा और सुनील बंछोड़ राजनांदगांव की प्रस्तुति श्रद्धालुओं का भरपूर मनोरंजन करेंगे, वहीं विभिन्न संस्थाओं द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। महोत्सव के अंतिम दिन 14 दिसम्बर को विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है। इसके लिए पूरे शहर को आमंत्रित किया गया है। साई महोत्सव समिति के अध्यक्ष श्रीकांत समर्थ एवं सचिव धनेन्द्र सिंह चंदेल ने बताया कि समिति द्वारा इस वर्ष दत्तात्रेय जयंती के अवसर पर 12, 13 व 14 दिसम्बर को वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया गया है।



### पहले दिन महाभिषेक के साथ पूरे दिन कार्यक्रम, सांस्कृतिक आयोजन भी

महोत्सव की शुरुआत 12 दिसम्बर गुरुवार को सुबह 7 बजे श्री साई बाबा जी के सामूहिक महाअभिषेक के साथ होगी। इसके बाद दोपहर 12 बजे सामूहिक आरती एवं प्रसाद वितरण, 12.45 बजे श्री साई बाबा लीलामृत का पाठन, 1.30 बजे श्री सत्य सांई भजन मंडली द्वारा भजनों की प्रस्तुति, दोपहर 2 बजे मेहंदी एवं ड्राइंग प्रतियोगिता , शाम 6.30 बजे सामूहिक आरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। रात्रि 8 बजे छत्तीसगढ़ी गीत-संगीत का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसमें लोक कलाकार पुराणिक साहू दुर्ग द्वारा निर्देशित लहरगंगा के कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

### रंगोली, पूजा की थाल सजाओ जैसी प्रतियोगिताएं होंगी


महोत्सव के दूसरे दिन 13 दिसम्बर, शुक्रवार को सुबह 7.30 बजे सामूहिक आरती एवं प्रसाद वितरण, 9 बजे सत्यनारायण की पूजा, दोपहर 12 बजे सामूहिक आरती एवं प्रसाद वितरण, दोपहर 1 बजे श्री साई भजन मंडली एवं श्री सांई सत्संग महिला मानस मंडली कसारीडीह द्वारा सांई भजनों की प्रस्तुति, दोपहर 2 बजे रंगोली एवं पूजा की थाली सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन, शाम 6.30 बजे सामूहिक आरती एवं प्रसाद का वितरण किया जाएगा। रात्रि 8 बजे लोक कलाकार सुनील बंछोड़ राजनंदगांव छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देंगे।

### अंतिम दिन भंडारा और नगर भ्रमण

महोत्सव के तीसरे और अंतिम दिन 14 दिसम्बर, शनिवार को सुबह पूजा अर्चना के बाद दोपहर 1 बजे से आम भंडारा (महाप्रसादी) का आयोजन किया गया है। शाम 6.30 बजे श्री सांई बाबा जी की आरती उपरांत भव्य शोभायात्रा (पालकी) निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा सिविल लाईन, पद्मनाभपुर, मुक्तनगर, कन्हैयापुरी चौक, आजाद चौक, कसारीडीह होते हुए अंत में वापस मंदिर पहुंचेगी। रात्रि में शेज आरती के बाद वार्षिक महोत्सव का समापन होगा। आयोजित कार्यक्रम में धीरेन्द्र शर्मा, शिवाकांत तिवारी, संतोष यद्धु, सुजीत गुप्ता, सुरेश साहू, अजय सुरपाम, कार्यकारिणी सदस्य अरविन्द वोरा, कौशल किशोर सिंह, संतोष खिरोड़कर, डॉ. सुधीर हिशीकर, संजय लाखे, सत्येन्द्र सिंह राजपूत, विनय चंद्राकर सहित अन्य मौजूद रहेंगे।

**हेल्थ टिप्स**

## ठंडे हो रहे हाथ और पैरों को इन ट्रिक्स से रखें गर्म मिलेगी सुकून की नींद



सर्दियों में हाथ-पैर ठंडा हो जाना आम है, लेकिन कुछ लोगों के हाथ-पैर गर्म होने का नाम ही नहीं लेते। चलिए आपको बताएं कि आपक किन ट्रिक्स की मदद से सुकून पान सकते हैं। जब सर्दी का मौसम शुरू होता है, तो अपने हाथों और पैरों को गर्म रखना बहुत चुनौतीपूर्ण स्थिति हो जाती है। ये अंग अक्सर ठंड को सबसे पहले महसूस करते हैं। इन अंगों को गर्म करना ज्यादा मुश्किल होता है।

सर्दियों में लोग रात में सॉक्स पहनकर पैरों को गर्म रखने का काम करते हैं, लेकिन सिर्फ सॉक्स पहनना ही काफी नहीं है। इस लेख में हम आपको बताएंगे कि आप शरीर के इन अंगों को गर्म कैसे कर सकते हैं।

### शरीर को गर्माहट पहुंचाने के लिए ढंग से लेयरिंग करें

सर्दियों में खुद को गर्म रखने का मूल मंत्र यही है कि अच्छे से कपड़े पहनें। अगर आप घर पर भी हैं, तो भी बढ़िया तरीके से लेयरिंग करें। पतले, नमी सोखने वाले दस्ताने पहनें। टी-शर्ट और मिट्टेंस पहनें। पैरों में थर्मल मोजे पहनें और ऊन से बने जूते पहनें। अपने शरीर को गर्म रखने से आपके शरीर के अंगों में रक्त संचार बनाए रखने में मदद मिलती है



### एक्टिव रहें

एक्टिव रहने से रक्त संचार बेहतर होता है, जो स्वाभाविक रूप से आपके अंगों को गर्म रखता है। चलने या दौड़ने से जैसे हल्के व्यायाम भी आपके हाथों और पैरों में रक्त प्रवाह को बढ़ा सकते हैं। चलना, जॉगिंग या स्ट्रेचिंग रक्त प्रवाह को उत्तेजित करने में मदद करती हैं। अपने हाथों और पैरों को गर्माहट पहुंचाने के लिए अपनी मुट्ठियों को बंद करना और खोलना या अपने टखनों को घुमाना जैसे हल्के व्यायाम आज़माएं। ये गतिविधियां कहीं भी करना आसान है।

### अपने हाथों और पैरों की मालिश करें

ठंड के दिनों में अपने हाथों और पैरों की मालिश करना उन्हें गर्म रखने का एक सरल लेकिन प्रभावी तरीका है। नियमित तेल मालिश रक्त परिसंचरण को उत्तेजित करती है, जिससे गर्म खून आपके शरीर में अच्छे से घूमता है। यह बेहतर परिसंचरण न केवल गर्मी बनाए रखने में मदद करता है बल्कि ठंड के मौसम में होने वाली सुन्नता और परेशानी को भी रोकता है। आप मेन्थॉल, नीलगिरी या दालचीनी जैसी सामग्री से युक्त वॉर्मिंग लोशन या तेल का उपयोग कर सकते हैं, जो गर्मी के एहसास को बढ़ाते हैं। अपनी हथेलियों या पैरों पर लोशन या तेल लगाएं और धीरे-धीरे गोलाकार गति में मालिश करें।

### टाइट कपड़े और एक्सेसरीज से बचें

गर्मी पाने के लिए टाइट दस्ताने, सॉक्स या कपड़े पहनकर रेस्ट न करें। इससे रक्त संचाप बाधित हो सकता है। उचित रक्त प्रवाह और इन्सुलेशन के लिए अच्छी तरह से फिट होने वाले लेकिन बहुत ज़्यादा तंग न होने वाले कपड़े चुनें।

### गर्म पानी की बोतल का इस्तेमाल करें

गर्म पानी की बोतलें सर्दियों में गर्म रहने के लिए एक आजमाया हुआ और बढ़िया उपाय है। बैठते या सोते समय अपने पैरों के पास गर्म पानी की बोतल रखकर, आप ठंड से बचने के लिए जल्दी से एक आरामदायक वातावरण बना सकते हैं। अपने हाथों को गर्म करने के लिए छोटे गर्म पैक का उपयोग किया जा सकता है। इस जुगाड़ को और भी कारगर बनाने के लिए, गर्म पानी की बोतल को लंबे समय तक गर्म रखने के लिए एक नरम कवर या तौलिये में लपेटें।

### घर पर बने गर्म पेय पदार्थ पिएं

अदरक, दालचीनी और हल्दी जैसी प्राकृतिक सामग्री से बने गर्म पेय पदार्थ आपको अंदर से बाहर तक गर्म रखने में मदद कर सकते हैं। ये मसाले अपने गर्मी पैदा करने वाले गुणों के लिए जाने जाते हैं, जो रक्त परिसंचरण को बढ़ाते हैं और सर्दियों के दौरान आपके शरीर को आरामदायक रखते हैं। सोने से पहले हर्बल चाय या मसालेदार दूध का एक गर्म कप न केवल आपके शरीर के तापमान को बनाए रखता है, बल्कि आराम को भी बढ़ावा देता है, जिससे रात को अच्छी नींद आती है। ऊन गीला होने पर भी गर्मी बरकरार रखता है, जिससे यह सर्दियों के कपड़ों के लिए एक बढ़िया फैब्रिक होता है।



**ठंड के इस मौसम में हड्डियों और जोड़ों की परेशानी से राहत के लिए उठाएं कदम**

# सर्दी के मौसम में बढ़ गई हैं गठिया की दिक्कतें घबराएं बिल्कुल नहीं इन उपाय से करें बचाव

सर्दियों के इस मौसम को सेहत के लिए कई प्रकार से चुनौतीपूर्ण माना जाता है। कम तापमान में कई वायरस सक्रिय हो जाते हैं जिसके कारण इंफ्लूएंजा और अन्य संक्रमण का खतरा तो बढ़ ही जाता है साथ ही साथ ये मौसम उन लोगों के लिए भी समस्याकारक है जो हड्डियों और जोड़ों की दिक्कत से परेशान हैं। ठंड के महीनों के दौरान, गठिया से पीड़ित लोगों की दिक्कतें ट्रिगर हो सकती हैं, जोड़ों का दर्द बढ़ सकता है और आप अधिक असहज महसूस कर सकते हैं। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ ऐसे लोगों को सर्दियों के मौसम में विशेष सावधानी बरतते रहने की सलाह देते हैं। ठंड के मौसम में साइनोवियल फ्लूड (दो हड्डियों के बीच में मौजूद एक पदार्थ) की मोटाई में बदलाव के कारण ये दिक्कतें होती हैं। साइनोवियल फ्लूड जोड़ों को सुचारू रूप से काम करने में मदद करती है। इस द्रव के गाढ़ा होने से जोड़ सख्त हो जाते हैं, जिससे उनमें दर्द और जकड़न की समस्या बढ़ सकती है। तो गठिया के शिकार लोगों को इस मौसम में क्या उपाय करने चाहिए? आइए जानते हैं।



### सर्दियों में गठिया की समस्या

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, ठंड के दिनों में गठिया की समस्या के बढ़ने का एक कारण यह भी है कि इस मौसम में अक्सर लोगों की शारीरिक गतिविधि कम हो जाती है। व्यायाम कम करने और शारीरिक रूप से निष्क्रिय रहने के कारण मांसपेशियों में कमजोरी और जोड़ों में अकड़न पैदा हो सकती है। सर्दियों में सूरज की रोशनी भी कम निकलती है जो विटामिन-डी का स्रोत है। विटामिन-डी की कमी हड्डियों के लिए बहुत नुकसानदायक है। इस तरह की स्थितियों में अपनी हड्डियों को स्वस्थ रखने और गठिया की दिक्कतों से बचे रहने के लिए आप पहले से ही कुछ प्रयास कर सकते हैं।

### ठंड से बचने का करें प्रयास

सर्दी के मौसम में अपने शरीर को गर्म रखना जोड़ों की समस्याओं से बचे रहने के लिए सबसे जरूरी है। शरीर को गर्म रखने के लिए इलेक्ट्रिक कंबल, रूम हीटर या वार्मर का उपयोग करें। सर्दियों में ऊनी कपड़े और थर्मल पहनें, विशेषकर जोड़ों को ढककर रखें। इन उपायों की मदद से जोड़ों की अकड़न से बचा जा सकता है। जोड़ों की गर्म सेकाई करना भी अच्छा विकल्प है, इसकी मदद से भी आप लक्षणों को बिगड़ने से रोक सकते हैं।

### नियमित व्यायाम जरूरी

नियमित व्यायाम की आदत संपूर्ण स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए जरूरी है। इसकी मदद से जोड़ों की गतिशीलता को भी बनाए रखने में मदद मिलती है। अगर ठंड के कारण टहलना बहुत मुश्किल है, तो योग और स्ट्रेचिंग जैसे हल्के इनडोर व्यायाम करें। व्यायाम मांसपेशियों की ताकत और जोड़ों की गतिशीलता को बनाए रखने में मदद करते हैं। डॉक्टर कहते हैं, जो लोग नियमित व्यायाम करते हैं उनमें गठिया या इसके कारण होने वाली समस्याओं का जोखिम कम होता है।

### पर्याप्त नींद और उपचार पर दें ध्यान

जोड़ों को स्वस्थ रखने और गठिया की समस्या को बढ़ने से रोकने के लिए शरीर को पर्याप्त आराम देना और हर रात 6 से 8 घंटे सोना भी बहुत आवश्यक है। अच्छी नींद समग्र स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। यह सूजन संबंधी प्रतिक्रियाओं को कम करने में भी मददगार है जिससे गठिया के लक्षणों को कम किया जा सकता है।



# रोटी के साथ खाएं एक टुकड़ा गुड़, मिलेंगे कई फायदे



सर्दियों में गुड़ का सेवन ज्यादा किया जाता है, ऐसे में अगर भी अपनी डाइट में सिर्फ एक टुकड़ा गुड़ का रोजाना शामिल करेंगे, तो आपको काफी फायदा होगा। वैसे तो गुड़ पूरे साल मिलता है, लेकिन सर्दियों में नया गुड़ आता है। यही वजह है कि ठंड में ज्यादातर लोग चीनी की जगह गुड़ को खाना पसंद करते हैं। इसलिए मार्केट में कई तरह के गुड़ मिल भी जाते हैं, जिसका स्वाद इसकी बनावट पर निर्भर करता है।

### पुराने गुड़ का करें इस्तेमाल

अगर आपको ज्यादा फायदा चाहिए, तो आप पुराने गुड़ का इस्तेमाल करें। ऐसा इसलिए क्योंकि पुराना गुड़ के नए गुड़ की तुलना में बहुत सारे हेल्थ बेनिफिट्स होते हैं। यह हल्का होता है और ब्लड को साफ करने का काम करता है।

इसलिए पुराने गुड़ का इस्तेमाल कई आयुर्वेदिक औषधियों को बनाने में किया जाता है। यह लिवर और स्प्लीन कंडीशन्स के लिए भी फायदेमंद है। बता दें कि पुराने गुड़ का स्वाद थोड़ा नमकीन और रंग थोड़ा गहरा होता है। ज्यादा नमकीन नहीं होने का मतलब यह हो सकता है कि यह मिलावट है।

### गुड़ और रोटी से इम्यूनिटी बढ़ाएं

सर्दियों में इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए गुड़ का सेवन किया जाता है। अगर रोटी के साथ गुड़ खाया जाए, तो यह कॉम्बिनेशन हमारी बॉडी को कई बीमारियों और कई तरह के खराब बैक्टीरिया से बचाने में भी हेल्प करता है। इसमें मौजूद प्रोटीन, विटामिन-बी 6, थियामिन, विटामिन-ई जैसे पोषक तत्व प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में भी उपयोगी हैं। इसके अलावा, ये आपको फ्लू से भी दूर रखता है और किसी भी अन्य तरह के इंफेक्शन को होने से भी रोकता है।

### कब्ज की परेशानी होगी दूर

गुड़ में आइसोटीन और सोर्बिटोल, मैंगनीज, फोलेट आदि मौजूद होते हैं, जो तत्व कब्ज को दूर करने और पाचन तंत्र में सुधार करने में मदद करते हैं। इसके अलावा, इसका सेवन करने से आपकी आंत भी हेल्दी रहती हैं। अगर आपको कब्ज और अन्य पाचन संबंधी समस्याओं से छुटकारा पाना है, तो रोजाना रोटी के साथ छोटा गुड़ का सेवन करें या फिर गुड़ का इस्तेमाल चाय बनाने या मीठे व्यंजन के लिए करें।

### गुड़ और रोटी हड्डियों को करें मजबूत


रोटी के साथ गुड़ का सेवन करने से हड्डियों की सेहत में सुधारभी होता है, क्योंकि इसमें फोलेट और पोटेशियम जैसे पोषक तत्व होते हैं। ये हड्डियों को मजबूत और स्वास्थ्य को बनाए रखने का काम करते हैं। इसके अलावा, यह कॉम्बिनेशन प्रोटीन, विटामिन-बी 6, थियामिन,विटामिन-ई से भी भरपूर है, जो हड्डी को किसी भी तरह का नुकसान से बचाता है। इस फायदे के लिए भी आप गुड़ और रोटी को अपने आहार में शामिल कर सकते हैं।

### दिल को रखे हेल्दी

गुड़ में एंटीऑक्सीडेंट की भरपूर मात्रा होती है, जो दिल के स्वास्थ्य में फायदेमंद है। अगर आप नियमित रूप से इसे अपने आहार में शामिल करते हैं ।

# क्या सुबह की पूजा के बाद भी करनी चाहिए आरती?

शास्त्रों में आरती करने के तीन प्रमुख समय बताए गए हैं। यह



समय हैं प्रातः काल, संध्या काल और रात्रि काल। प्रातः काल यानी कि सुबह के समय मंगला आरती होती है, संध्या काल यानी कि सूर्यास्त के समय संध्या आरती की जाती है और रात्रि काल यानी कि भगवान को सुलाते समय शयन आरती करते हैं।

हालांकि शास्त्रों में यह बताया गया है कि तीनों आरती तब की जाती है जब मंदिर में आरती हो रही हो यानी कि सुबह, शाम और रात की आरती किसी भी देवी-देवता की मंदिर प्रांगण में करना उचित माना गया है। वहीं, गृहस्थ लोगों के लिए सिर्फ संध्या आरती करना ही मान्य है और यह मंगलकारी सिद्ध होता है। असल में सुबह पूजा का समय शास्त्रों में ब्रह्म मुहूर्त माना गया है। यानी कि सुबह की पूजा हमेशा ब्रह्म मुहूर्त में करनी चाहिए। अब आज के समय में कई कारणों से गृहस्थ लोगों के लिए यह संभव नहीं कि वह ब्रह्म मुहूर्त में पूजा कर आरती करें। ऐसे में गृहस्थियों के लिए संध्या आरती करना ही उचित माना गया है।

शास्त्रों में यह भी वर्णित है कि आप सुबह के समय पूजा कभी भी कर सकते हैं दोपहर के 12 बजे से पहले लेकिन सुबह पूजा के बाद अगर आप आरती करते हैं तो इससे आपकी पूजा खंडित हो जाती है क्योंकि ब्रह्म मुहूर्त की आरती ही धर्म ग्रंथों एवं शास्त्रों में सुबह की पूजा के बाद श्रेष्ठ मानी गई है।



# सोशल मीडिया का अत्यधिक इस्तेमाल बढ़ा रहा 'ब्रेन रोट'

ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस ने साल 2024 के लिए 'ब्रेन रोट' शब्द को 'वर्ड ऑफ द ईयर' घोषित किया है। शॉर्टलिस्ट किए गए छह शब्दों में से इसे 37,000 से अधिक वोट मिले। ब्रेन रोट शब्द सोशल मीडिया पर अत्यधिक मात्रा में मौजूद दोयम दर्जे वाले कंटेट के कारण होने वाले दुष्प्रभावों को लेकर चिंता को दर्शाता है।

मोबाइल और सोशल मीडिया के अत्यधिक इस्तेमाल को लेकर विशेषज्ञ चिंता जताते रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों, विशेषकर कोरोना के बाद से सोशल मीडिया का इस्तेमाल काफी बढ़ गया है। कई रिपोर्ट्स में इस बात को लेकर चिंता जताई जाती रही है कि जिस तरह से सोशल मीडिया पर 'हल्के स्तर' के कंटेंट बढ़ रहे हैं, इसका सभी आयु वर्ग के लोगों के मस्तिष्क पर नकारात्मक असर हो रहा है।


स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, बच्चों और वयस्कों के दिन का एक बड़ा समय मोबाइल फोन को स्क्रॉल करने और सोशल मीडिया पर बीतता है, जिसका उनके मानसिक स्वास्थ्य पर कई प्रकार से नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

इसी संबंध में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस ने साल 2024 के लिए 'ब्रेन रोट' शब्द को 'वर्ड ऑफ द ईयर' घोषित किया है। शॉर्टलिस्ट किए गए छह शब्दों में से इसे 37,000 से अधिक वोट मिले।

ब्रेन रोट शब्द सोशल मीडिया पर अत्यधिक मात्रा में मौजूद दोयम दर्जे वाले कंटेट के कारण होने वाले मानसिक दुष्प्रभावों को लेकर चिंता को दर्शाता है। ऑक्सफोर्ड के विशेषज्ञों ने पाया कि ब्रेन रोट शब्द ने इस वर्ष काफी ध्यान आकर्षित किया। साल 2023 से 2024 के बीच निम्न स्तरीय कंटेट में 230 फीसदी तक की बढ़ोतरी हुई है।

### ब्रेन रोट- तेजी से बढ़ती समस्या

विशेषज्ञों ने ब्रेन रोट शब्द को किसी व्यक्ति की मानसिक या बौद्धिक स्थिति में गिरावट के रूप में परिभाषित किया है, विशेष रूप से लो लेवल के ऑनलाइन कंटेंट के अत्यधिक उपभोग के कारण होने वाली गिरावट। यह इस बारे में चिंताओं



को भी दर्शाता है कि कैसे बिना सोचे-समझे स्क्रॉल करना या हल्के स्तर की जानकारी के संपर्क में आना मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर डाल रहा है।

### क्या कहते हैं मनोचिकित्सक

भोपाल स्थित एक अस्पताल में वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ. सत्यकांत त्रिवेदी कहते हैं, समय के साथ ब्रेन रोट के कारण मानसिक स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। निरंतर लो लेवल के कंटेट देखना मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है। इसकी वजह से हमारा मस्तिष्क नए विचार उत्पन्न करने के बजाय बाहर की जानकारी को अवशोषित करने का अधिक आदी हो जाता है। ये मस्तिष्क की स्वाभिवक प्रक्रिया को भी बाधित करने वाला हो सकता है, जिस वजह से दीर्घकालिक रूप में गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

### खुशी प्राप्त करना हो सकता है कठिन

मनोचिकित्सक ने इस बात पर प्रकाश डाला कि लगातार सोशल मीडिया पर लगे रहना और अनावश्यक कंटेंट देखते-सुनते रहना 'न्यूरोप्लास्टिसिटी' को भी बाधित करता है।



**कार्नर न्यूज**

**घर पर छोटी सी पार्टी भी रखना हो तो ध्यान दें जरूरी उपायों पर**

# तैयारी है क्रिसमस पार्टी की, डेकोरेशन के साथ खान-पान पर ध्यान देकर पाएं तारीफ

अगर आप भी इस बार घर पर क्रिसमस पार्टी ऑर्गनाइज करने का सोच रहे हैं, तो आप अपने प्रियजनों के साथ इस खास दिन को यादगार बना सकते हैं। आइए जानते हैं कि खाने-पीने से लेकर डेकोरेशन तक कैसे करें घर में क्रिसमस पार्टी की तैयारी। घर को सजाने के लिए कमरे में क्रिसमस ट्री रखें। इससे घर का माहौल बन सकता है। आप इसे रंग-बिरंगे गेंदों, मोतियों, और रोशनी से सजा सकते हैं। क्रिसमस के रंगों से घर के हर कोनों को सजाएं। आप लाल और हरे रंग के रिबन, गुब्बारे, और मोमबत्तियों का इस्तेमाल कर सकते हैं। दरवाजे और खिड़कियों पर लाल और हरे रंग की मालाएं लगाएं। घर के किसी कोने में एक स्नोमैन बना सकते हैं। आप इसे कपड़े या कागज से भी बना सकते हैं। घर की दीवारों पर क्रिसमस कार्ड लगाएं। घर के अंदर और बाहर फेयरी लाइट्स लगाकर एक जादुई माहौल बनाएं।



### क्रिसमस पार्टी को शानदार बनाने के लिए लगाएं म्यूजिक

क्रिसमस के गाने बजाएं और सभी साथ में नाचें। इस पार्टी को शानदार बनाने के लिए घर में म्यूजिक बजाकर दोस्तों के साथ डांस कर सकते हैं। अगर आप इस बार छोटी सी पार्टी घर पर ही रख रहे हैं, तो घर में मौजूद साउंड बॉक्स को भी अपने हॉल में जगह दे सकते हैं।

### गेम्स और गतिविधियां

क्रिसमस थीम पर आधारित गेम्स खेलें जैसे कि गिफ्ट एक्सचेंज, सच या झूठ, ट्रूथ एंड डेयर, लुडो, कार्ड्स, पजल आदि खेल सकते हैं। पार्टी को और भी ज्यादा मजेदार बनाने के लिए आप म्यूजिकल चेयर्स का गेम भी खेल सकते हैं। इस गेम में सभी को बहुत मजा आएगा। साथ ही, आप पार्टी को और भी ज्यादा अच्छे से एंजॉय कर सकते हैं।

### खाने-पीने का इंतजाम

क्रिसमस पार्टी में केक मुख्य आकर्षण होता है। ऐसे में, आप पार्टी के लिए एक केक मार्केट से खरीद सकते हैं या घर पर भी बना सकते हैं। इसके अलावा, विभिन्न प्रकार की कुकीज जैसे जिंजरब्रेड कुकीज़, चॉकलेट चिप कुकीज़ आदि रखे। साथ ही, सैंडविच, पिज्ज़ा और नूडल्स जैसी खाने की चीजों को डाइनिंग टेबल पर सजा सकते हैं। इसके अलावा, आप चाहें तो ताजे फल काटकर और ड्राई फ्रूट्स भी बाउल में सजाकर रख सकते हैं। पार्टी के लिए पेय पदार्थ में कोल्ड ड्रिंक्स, जूस, और कॉफी-टी की व्यवस्था करें।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## एमसीयू में कैप्टन अमेरिका फेम क्रिस इवांस की वापसी, 'एवेंजर्स डूम्सडे' में नजर आएंगे



क्रिस इवांस मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स (एमसीयू) दमदार वापसी के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस बार वह जो और एंथनी रूसो के निर्देशन में बन रही फिल्म 'एवेंजर्स डूम्सडे' में नजर आएंगे। हालांकि, फिल्म में क्रिस किस किरदार में होंगे यह अब तक स्पष्ट नहीं हो सका है। सूत्रों का कहना है कि एंथनी मैकी का सैम विल्सन कैरेक्टर भी इस फिल्म में कैप्टन अमेरिका के रूप में वापसी करेगा, जिसकी वजह से क्रिस इवांस के कैप्टन अमेरिका के कॉस्ट्यूम में दिखने की संभावना थोड़ा कम ही नजर आ रही है। फिर भी अगर वह फिल्म में क्रिस रोजर्स के रूप में वापसी करते हैं तो यह चौंकाने वाली बात नहीं होगी। हाल ही में क्रिस इवांस ने एमसीयू की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली आर-रेटेड फिल्म 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' में एक विशिष्ट किरदार निभाया था। इस फिल्म में उन्होंने अपने पुराने कैरेक्टर जॉनी स्टॉर्म को फिर से निभाया, जो 'फैंटास्टिक फोर' फिल्मों में उनका किरदार था। क्रिस इवांस का स्टीव रॉजर्स वाला कैरेक्टर आखिरी बार रूसो ब्रदर्स की निर्देशित फिल्म 'एवेंजर्स- एंडगेम' में दिखा था। इससे पहले डेडलाइन की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि रूसो ब्रदर्स इस फिल्म में कई एमसीयू के पुराने और पसंदीदा किरदारों की वापसी देखने को मिलेगी। जुलाई में सैन डिएगो कॉमिक-कॉन में जो जानकारी दी गई थी, उसके अनुसार, रॉबर्ट डाउनी जूनियर डॉ. डूम की भूमिका निभाएंगे। इस फ्रेंचाइजी में अपनी वापसी को लेकर क्रिस इवांस ने पहले ही स्पष्ट रूप से कहा था कि वह केवल एक मजबूत कारण के साथ ही एमसीयू में लौटेंगे। 'एवेंजर्स डूम्सडे' में 'फैंटास्टिक फोर' के नए सितारे पेड्रो पास्कल, जोसेफ क्विन, वनेसा किर्बी और एबोन मोस-बैकरेक भी नजर आएंगे।

### टॉलीवुड

## स्वीनी के साथ अभिनय करेंगे धनुष,नए प्रोजेक्ट की तैयारी



अभिनेता और फिल्म निर्माता धनुष कई परियोजनाओं में व्यस्त हैं, जिनमें तेलुगु फिल्म कुबेरा, उनकी तमिल निर्देशित परियोजनाएं नीलावु एनमेल एन्नाडी कोबाम और इडली कड़ाई, हिंदी फिल्म तेरे इश्क में और तमिल फिल्म इलैयाराजा बायोपिक शामिल हैं। वहीं, अब अभिनेता की नई फिल्म के बारे में जानकारी सामने आई है। अब धनुष के प्रशंसकों के लिए एक अच्छी खबर है कि अभिनेता रूसो ब्रदर्स की द ग्रे मैन के साथ अपनी शुरुआत के बाद अपनी दूसरी हॉलीवुड फिल्म में अभिनय करने के लिए तैयार हैं। धनुष के बारे में नई खबरें हैं कि उन्होंने अपनी दूसरी हॉलीवुड फीचर फिल्म साइन कर ली है। इस बार वह अभिनेता सिडनी स्वीनी के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेंगे, जो वन्स अपॉन ए टाइम इन हॉलीवुड और मैडम वेब जैसी फिल्मों में दिखाई दिए हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस प्रोजेक्ट का नाम स्ट्रीट फाइटर है और इसे सोनी प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित किया जाएगा। फिल्म के इसी नाम के एक वीडियो गेम पर आधारित होने की उम्मीद है और इसे 2026 में मार्च में रिलीज किया जाएगा। हालांकि, इस प्रोजेक्ट के बारे में आधिकारिक घोषणा अभी बाकी है। साथ ही कलाकारों और क्रू के सदस्यों के बारे में भी। धनुष हॉलीवुड के लिए कोई नया चेहरा नहीं हैं, क्योंकि उन्होंने 2022 की एक्शन थ्रिलर फिल्म द ग्रे मैन से अपनी शुरुआत की थी।

### ओटीटी

## छत्तीसगढ़ के शिराज की ओटीटी पर साइको थ्रिलर 'सेन', विक्रम ने की तारीफ



छत्तीसगढ़ की इस्पात नगरी भिलाई में पले बढ़े और विगत 4 दशक में फिल्म नगरी मुंबई में स्थापित लेखक व निर्देशक शिराज हेनरी की नई फिल्म सेन (SANE) 13 दिसंबर को ओटीटी प्लेटफार्म एमवीएफ प्लेयर पर रिलीज हो रही है। कंटेंट किंग्स की प्रस्तुति इस फिल्म का प्रीमियर 8 दिसंबर को मुंबई के इम्पा थिएटर में हुआ। जहां इसे चुनिंदा और प्रतिष्ठित दर्शकों के बीच बेहद प्रशंसा मिली। इस प्रीमियर में बीते दौर की सुपरहिट फिल्म ₹जूली₹ सहित कई प्रमुख फिल्मों में अभिनय करने वाले अभिनेता विक्रम खास तौर पर शामिल हुए। विक्रम ने लेखक-निर्देशक शिराज हेनरी के काम की भरपूर तारीफ की और उम्मीद जताई कि ओटीटी प्लेटफार्म पर शिराज की इस फिल्म को दर्शक पसंद करेंगे। शिराज हेनरी ने बताया कि उनकी फिल्म सेन (SANE) एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर है जो इंसान के मन की कोमलता, भरोसे और वास्तविकता व भ्रम की धुंधली सीमा को गहराई से परखती है। अपने डर और सच्चाई का सामना कर रही नायिका आना के इर्द-गिर्द इस फिल्म की कहानी बुनी गई है। फिल्म में पूजा जोसेफ, अविनाश भार्गव, संदीप मलानी, डॉ. शितिज शाह, के. वेंकट रमेश, सुजीत, और हितेश जैसे कलाकारों ने शानदार अभिनय किया है। फिल्म के लेखक, निर्देशक और एडिटर शिराज़ हेनरी हैं, जबकि साउंड मिक्सिंग का काम प्रभात सिंह ने किया है। फिल्म का बैकग्राउंड म्यूजिक भी शिराज़ हेनरी ने तैयार किया है। नागालैंड के प्रतिभाशाली गायक एन.के. नागा ने इसमें एक गाने ₹वादा है मेरे हमसफर₹ में अपनी आवाज का जादू बिखेरा है। फिल्म का निर्माण रेबेका चांगकिजा सेमा ने किया है और इसे पैनासोनिक 6 के कैमरा पर शूट किया गया है, जो इसे एक अद्वितीय दृश्य अनुभव बनाता है।

उल्लेखनीय है कि यह कहानी शिराज़ हेनरी की रचनात्मकता का प्रमाण है, उन्होंने इसके पहले ₹टोनही₹, ₹बियॉन्ड द थर्ड काइंड₹, ₹लिटिल बॉय₹, ₹मेकैनिक दादा₹, और ₹फिल्मी रासलीला₹ जैसी प्रशंसित फिल्में दी हैं। शिराज ने बताया कि उनकी इस फिल्म का अंग्रेजी संस्करण 2025 में दुनिया भर के 30 से अधिक प्रमुख ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज किया जाएगा।

### सर्दी का जलवा

### लाइफ स्टाइल



बर्फबारी की ठंड में पेरिस ने फैशन वीक की मेज़बानी की। जिसमें इस मौसम में पुरुषों के लिए तैयार- पहनावे के रुझानों को डिजाइनरों ने दिखाया। फैशन प्रेमियों के लिए लुई वुइटन, गिवेंची, डायर और हर्मीस जैसे प्रतिष्ठित डिजाइनर सहित बड़ी तादाद में फैशन प्रेमियों ने इन शो की शोभा बढ़ाई। यहां दिखाए गए कलेक्शन को फैशन प्रेमियों ने खूब सराहा।

## सिर पर जमी डैंड्रफ की परत को एक हफ्ते में साफ कर देंगे ये नुस्खे

डैंड्रफ एक ऐसी समस्या है, जिसकी वजह से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसकी वजह से बहुत से लोग तो काले रंग के कपड़े पहनना तक बंद कर देते हैं, क्योंकि रूसी उन कपड़ों पर झड़कर लोगों को शर्मिंदा करती है। खासतौर पर अब जब सर्दी का मौसम शुरू हो गया है तो हर दूसरा व्यक्ति इस परेशानी से जूझ रहा है। वैसे तो डैंड्रफ हटाने के लिए कई तरह के हेयर केयर ट्रीटमेंट आते हैं, लेकिन ये जेब पर गहरा प्रभाव डालते हैं।

इसी के चलते आज हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके इस्तेमाल से एक हफ्ते में सिर पर जमी डैंड्रफ की परत कम हो जाएगी। अगर आपके सिर पर रूसी काफी ज्यादा है तब एक हफ्ते में इसका कम होना मुश्किल है, लेकिन हां आपको इसका अच्छा असर ही देखने को मिलेगा।

### नींबू और नारियल तेल का उपयोग

यदि आपको नींबू सूट करता है तो आप 2-3 चम्मच नारियल तेल में आधा नींबू का रस मिलाएं। इसे अपनी स्कैल्प पर लगाएं और हल्के हाथों से मालिश करें। 30 मिनट बाद हल्के शैंपू से बाल धो लें। नींबू का रस फंगस को खत्म करने में मदद करता है और नारियल तेल स्कैल्प को मॉइश्चराइज करता है।

### टी ट्री ऑयल का उपयोग



टी ट्री ऑयल को कभी भी सीधा बालों में न लगाएं। इस्तेमाल के लिए इसकी 2-3 बूंदें टी ट्री ऑयल शैम्पू में मिलाकर बाल धोएं। टी ट्री ऑयल में एंटी-फंगल गुण होते हैं जो डैंड्रफ को तेजी से कम करते हैं।

### एप्पल साइडर विनेगर

विनेगर यानी कि सिरके के इस्तेमाल से भी आप सिर पर जमी रूसी को कम कर सकते हैं। इसके लिए बराबर मात्रा में पानी और एप्पल साइडर विनेगर मिलाएं। इस मिश्रण को स्कैल्प पर स्प्रे करें और 15-20 मिनट के लिए छोड़ दें। फिर अपने बालों को धो लें।

## सर्दियों में ऐसे पहनें साड़ी, ठंड से बचेंगे और लुक भी दिखेगा शानदार






साड़ी एक ऐसा परिधान है, जिसे महिलाएं हर जगह काफी मन से पहनती हैं। खासतौर पर जब शादी-विवाह की बारी आती है तब तो महिलाएं साड़ी पहनना ही सबसे ज्यादा पसंद करती हैं, लेकिन जब भी सर्दी का मौसम आता है, तब महिलाएं साड़ी पहनने से कतराती हैं। साड़ी में ठंड काफी ज्यादा लगती है, क्योंकि इसके साथ महिलाएं स्वेटर नहीं पहनतीं।

यदि आप भी उन्हीं महिलाओं में से हैं, जिन्हें साड़ी पहनना पसंद है लेकिन सर्दी के कारण नहीं पहन रहीं तो हम आपको इसका हल बताने जा रहे हैं। हम यहां आपको साड़ी पहनने के कुछ ऐसे तरीके बताएंगे, जिनको फॉलो करने के बाद आपको जरा सी भी सर्दी नहीं लगेगी। इन टिप्स को फॉलो करके आपका लुक भी स्टाइलिश लगेगा।

### फुल स्लीव्स ब्लाउज पहनें

सर्दी के मौसम में आप गर्म कपड़े (जैसे वूलन या सिल्क) से बने फुल स्लीव्स ब्लाउज साड़ी के साथ पहन सकती हैं। आजकल तो बाजार में हाई नेक या टर्टल नेक डिजाइन वाले ब्लाउज भी मिलते हैं जोकि ठंड से बचाने और फैशनेबल लुक के लिए बेहतरीन माने जाते हैं।

### शॉल इस्तेमाल करें

अपनी साड़ी के साथ मैचिंग या कंट्रास्ट वूलन शॉल कैरी करें। इसे स्टाइलिश तरीके से कंधे या पल्लू पर ड्रेप करें। बाजार में आजकल हर डिजाइन और रंगों की शॉल बाजार में मिलती है, जिसे आप अपनी साड़ी के साथ कैरी कर सकती हैं।

### जैकेट के साथ साड़ी

साड़ी के साथ एक खूबसूरत फिटेड ब्लेजर, लॉन्ग कोट या क्रॉप्ड जैकेट पहनें। यह वेस्टर्न और ट्रेडिशनल लुक का परफेक्ट कॉम्बिनेशन देगा। जैकेट या ब्लेजर तभी कैरी करें, जब आप पल्लु को अंदर ड्रेप कर रही हैं।

## स्टाइल करेंगी ये ब्यूटीफुल डिजाइंस वाली चूड़ियां, निखरेगी खूबसूरती भी

चूड़ी आपके आउटफिट को कम्पलीट करने और स्टाइलिश लुक देने का काम करता है। वहीं अगर आप रॉयल लुक चाहती हैं तो आप ये लेटेस्ट डिजाइंस वाली चूड़ी साड़ी के साथ स्टाइल कर सकती हैं। ट्रेडिशनल आउटफिट में जहां आपके लुक को स्टाइलिश बनाने का काम ज्वेलरी करती हैं। तो वहीं चूड़ी भी है जिन्हें स्टाइल करने के बाद आपका लुक रॉयल नजर आता हैं। चूड़ी आपको कई सारे डिजाइन में मिल जाएंगे। लेकिन, अगर आप साड़ी में स्टाइलिश और रॉयल लुक चाहती हैं तो आप ये न्यू डिजाइंस वाली चूड़ियां साड़ी के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की चूड़ियां आपके लुक को रॉयल बनाने में मदद करेंगी तो वहीं लुक भी खूबसूरत नजर आएगा।

### कुंदन वर्क चूड़ी

इस तरह की चूड़ी आप अपने आउटफिट के मैच करके स्टाइल कर सकती हैं। इन चूड़ी में कुंदन साथ ही सिल्क थ्रेड वर्क किया है जो साडी में आपके लुक को रॉयल देगा। इस तरह की चूड़ी आप डार्क कलर की साड़ी के साथ स्टाइल कर सकती हैं और ये चूड़ी आपको 500 रुपये की कीमत में मिल सकती हैं।



### मोती वर्क चूड़ी

रॉयल लुक पाने के लिए आप लाइट कलर की साड़ी के साथ इस तरह की मोती वर्क वली चूड़ी स्टाइल कर सकती हैं। इन चूड़ी में बेहह खूबसूरत वर्क किया है और साथ में लटकन भी है। इस तरह की चूड़ी को स्टाइल करने के बाद आपका लुक रॉयल नजर आएगा और इस चूड़ी को ऑनलाइन या ऑफलाइन सस्ते दाम में खरीद सकती हैं।

### वेलवेट मेटल वर्क डायमंड वर्क चूड़ी

यह चूड़ी आप पस्टेल कलर की साड़ी के साथ स्टाइल कर सकती हैं।यह चूड़ी में वेलवेट और मेटल में है और इनमे बेहद ही खूबसूरत डायमंड वर्क किया हुआ है। इस तरह क चूड़ी को स्टाइल करने के बाद साड़ी में आपका लुक बेहद ही खूबसूरत नजर आएगा।

## सर्दियों में मक्खन जैसी मुलायम हो सकती हैं आपकी फटी एड़ियां

सर्दियों का मौसम आते स्किन ड्राई होने लगती है। इसपर कुछ भी लगाया लिया जाए कुछ देर बाद वहां की त्वचा फिर रूखी हो जाती है। सर्दियों में एड़ियों का फटना एक आम समस्या है। इस मौसम में यह समस्या अधिकतर बहुत से लोगों के साथ देखने को मिलती हैं। फटी एड़ियों की दिक्कत ज्यादातर उन लोगों में देखने को मिलती है। जिनकी स्किन बहुत ही ज्यादा संसटिव होती है या जो लोग ज्यादा देर पानी में काम करते है। इसके अलावा सर्द-गर्म की वजह से भी स्किन क्रेक होने लगती है। ऐसे में इन लोगों को थोड़ा सतर्क रहने की जरूरत होती है।

यदि आपके साथ ही सर्दी के दिनों में एड़ी फटने जैसी दिक्क्त होती है, तो आज हम आपको एक आसान सा उपाय बताने जा रहे हैं। इस नुस्खे को मेरी मम्मी ने आजमाया हुआ है। आप भी इसको अपनाकर अपनी खराब से खराब एड़ियों को एकदम बटर की तरह मुलायम बना सकती हैं। बस आपको इसे रोजाना ट्राई करना होगा। तब जाकर आपको इसका असर दिखेगा।



**ग्लिसरीन में यह एक चीज मिलाकर लगाने से होंगी मुलायम:** शायद आप में से अधिकतर सभी लोगों ने ग्लिसरीन का यूज तो किया ही होगा। ग्लिसरीन को हम मुंह के छाले से लेकर स्किन को मुलायम बनाने के लिए करते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस ग्लिसरीन की मदद से आप फटी हुई एड़ियों को एकदम सॉफ्ट बना सकती हैं।

### कार्नर न्यूज

### सर्द मौसम में सही थर्मल वियर खरीदना समझदारी की बात

## ठंड से बचने थर्मल वियर खरीदते इन बातों का रखें ध्यान, मिलेगी भरपूर राहत

*ठंड के मौसम में थर्मल वियर का चुनाव करना बेहद महत्वपूर्ण होता है क्योंकि यह आपके शरीर को गर्म रखने और ठंड से बचाने में मदद करता है। ऐसे में थर्मल वियर खरीदते वक्त इन बातों का ध्यान अवश्य रखें। सर्दियों का मौसम शुरू हो गया है। ऐसे में हर कोई ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़े खरीद रहा है। इस मौसम में ठंड से बचने के लिए लोग थर्मल वियर जरूर खरीदते हैं। थर्मल वियर शरीर की गर्मी को अंदर बनाए रखता है और बाहर की ठंडी हवा को रोकता है। ये अन्य भारी कपड़ों की तुलना में हल्के और पहनने में आरामदायक होते हैं।*



**सही हो फैब्रिक :** यदि आप बेहद ठंडे इलाके में रहते हैं, तो मिक्स्ड वूल वाले थर्मल बेहतर रहेंगे। ये अधिक गर्माहट देते हैं। हल्की ठंड के लिए कॉटन मटैरियल आरामदायक होता है, लेकिन यह बहुत अधिक गर्म नहीं होता। पॉलिएस्टर और स्पैन्डेक्स मिश्रित थर्मल वियर हल्के और फ्लेक्सिबल होते हैं, और ये नमी सोखने में मदद करते हैं।

**साइज होना चाहिए सही:** थर्मल वियर का साइज सही होना चाहिए। ये न तो न बहुत टाइट होना चाहिए और न बहुत ढीला, क्योंकि अधिक टाइट थर्मल पहनने से रक्त संचार प्रभावित हो सकता है, जबकि ढीला थर्मल शरीर को सही तरीके से गर्म नहीं रख पाएगा।

**डिजाइन पर ध्यान दें:** थर्मल वियर की लेयर्ड संरचना ज्यादा बेहतर मानी जाती है। अंदर की परत गर्मी को लॉक करती है, और बाहरी परत.ठंडी हवा को अंदर आने से रोकती है। यदि लेयर्ड संरचना नहीं होगी तो आप ठंड में परेशान हो सकते हैं।

**वजन और मोटाई का ध्यान रखें:** अक्सर लोगों को लगता है कि थर्मल वियर मोटा होना चाहिए, जबकि अत्यधिक मोटा थर्मल वियर पहनने में असुविधाजनक हो सकता है। हल्के वजन का और पतले मटीरियल वाला थर्मल बेहतर विकल्प है, क्योंकि इसे अन्य कपड़ों के नीचे आसानी से पहना जा सकता है।

**सीमलेस डिजाइन का चयन करें:** सीमलेस थर्मल वियर त्वचा पर रगड़ पैदा नहीं करता और पहनने में अधिक आरामदायक होता है। यदि ये सीमलेस नहीं होगा, तो इसे पहनकर आपको असुविधा हो सकती हैं।

**ऐसे करें थर्मल वियर की देखभाल:** थर्मल वियर को खरीदने के बाद आपको इसका देखभाल भी सही से करनी चाहिए। इसे हमेशा हल्के डिटर्जेंट से धोएं। बाजार में इसके लिए अलग से लिक्विड डिटर्जेंट आते हैं। धोने के बाद इसे सीधे धूप में न सुखाएं। बाकि मटैरियल के अनुसार निर्देशों का पालन करें।

